# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## महाराष्ट्र के रायगढ़ में 3000 सिलेंडर पाताल गंगा में बहे





8 खामेनेई के जनाजे में अमेरिका का रोड़ा, दफनाने में हुई देरी

## पूरे देश पर छाया मानसून 50 शहरों में तेज बरसात

**नई दिल्ली।** मानसून ने गुरुवार को पूरे देश को कवर कर लिया। आमतौर पर यह 8 जुलाई को देश का पूरा हिस्सा कवर कर लेता है, लेकिन इस बार एक दिन लेट है। मानसून के कारण सभी राज्यों में बारिश का दौर जारी है। यूपी में गुरुवार सुबह से नोएडा, मथुरा, मेरठ, बुलंदशहर समेत 50 शहरों में तेज बारिश हो रही है। नोएडा में सड़कों पर एक से दो फीट तक पानी भर गया। वहीं, गाजियाबाद में 10 फीट सड़क धंस गई। इसमें कार और बाइक समा गई। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में नालूपानी और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ। वहीं, महाराष्ट्र के रायगढ़ में तेज बारिश में एलजीपी के प्लांट परिसर में पानी घुसने से 3 हजार सिलेंडर पातालगंगा नदी में बह गए।

उत्तरकाशी में नालूपानी और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड, मकान गिरा बाल्दी नदी का जलस्तर बढ़ा

यमुनोत्री नेशनल हाईवे के पास लैंडस्लाइड, यात्री फंसे

राजस्थान के अजमेर के किशनगढ़ में बारिश से मकान ढहा, दिल्ली में 24 घंटे में 6.3 इंच बारिश


पुणे में मुथा नदी उफान पर निचले इलाकों में पानी घुसा, कोझिकोड रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग का हिस्सा गिरा

## गुरुग्राम में देर रात पुलिस ने किया एनकाउंटर

# नांदल गैंग के 4 बदमाश ढेर, तीन पुलिसकर्मियों को भी लगी गोली

एसजीटी विवि के संस्थापक के बेटे विशाल को घर में बनाया था बंधक | **करोड़ों की रंगदारी मांगी सूचना पर पुलिस पहुंची** | क्रॉस फायरिंग में 5 बदमाशों को लगी गोली, एक गंभीर घायल

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम में गुरुवार देर रात पुलिस की दीपक नांदल गैंग के साथ बड़ी मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से हुई क्रॉस फायरिंग में पांच बदमाशों को गोली लगी है, जिनमें से चार की मौत हो गई। एसीपी सदर धर्मवीर सिंह ने एनकाउंटर में चार शूटरों की मौत की पुष्टि की है। यह घटना सुशांत लोक ए ब्लॉक में हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दीपक नांदल गैंग के शूटरों ने गुरुग्राम की एसजीटी यूनिवर्सिटी के संस्थापक के बेटे विशाल बेरी को उसी के घर में बंधक बना रखा था। उससे कई करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी जा रही थी। किसी तरह पीड़ित परिवार पुलिस को सूचना देने में सफल रहे। इसके बाद पुलिस ने बदमाशों को घेर लिया और चार बदमाशों को मार गिराया, जबकि एक गोली लगने से घायल हो गया। इस मुठभेड़ में तीन पुलिसकर्मियों को भी गोली लगी है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस बदमाशों के बारे में पता लगाने में जुटी है।



### सुशांत लोक एरिया में बदमाशों के होने की सूचना मिली थी

एसीपी सदर धर्मवीर सिंह के मुताबिक सुशांत लोक फेस-2 में यह मुठभेड़ हुई है। क्राइम ब्रांच की टीमों को पुलिस कंट्रोल रूप से एक संदिग्ध स्कॉर्पियो गाड़ी में कुछ हथियार बंद अपराधियों के होने बारे सूचना मिली थी। क्राइम ब्रांच की टीमें जब सुशांत लोक एरिया में पहुंची तो बदमाशों द्वारा एक व्यवसायी विशाल बेरी के घर पर अत्याधुनिक हथियारों से फायरिंग करनी शुरू कर दी गई थी।

### आत्मसमर्पण के लिए कहा तो पुलिस पर फायरिंग की

एसीपी सदर धर्मवीर सिंह के मुताबिक इस व्यवसायी को विदेश में बैठे गैंगस्टर दीपक नांदल से फिरौती के लिए लगातार संदेश आ रहे थे। क्राइम ब्रांच की ओर से अपराधियों को आत्मसमर्पण करने के लिए चेतावनी दी गई, परन्तु उन्होंने जानलेवा फायरिंग शुरू कर भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा एवं अपराधियों को पकड़ने के उद्देश्य से जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें सभी 5 बदमाशों को गोली लग गई।

### घायल पुलिस कर्मचारी अस्पताल में भर्ती, हालत खतरे से बाहर

एसीपी सदर के मुताबिक इस मुठभेड़ में पांचों बदमाश गोली लगने के बाद घायल हो गए, जिन्हें घेर कर पकड़ लिया गया। सभी को जब एक निजी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डाक्टरों ने 4 बदमाशों को मृत घोषित किया, जबकि एक का इलाज जारी है। उसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है। इस मुठभेड़ में 3 पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हुए हैं। तीनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर इलाज कराया गया है। इनका इलाज जारी है। हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## प्रदेश में दो दिन तेज बारिश, येलो अलर्ट जारी

फरीदाबाद में भारी बारिश से खेड़ी पुल धंस गया। एहतियात के तौर पर पुल को बंद कर ट्रैफिक वन-वे कर दिया है। वहीं, एक मकान का छज्जा गिरा, मां-बेटा घायल हो गए

**यमुनानगर स्थित हथिनीकुंड बैराज पर 5554 क्यूसेक पानी यमुना नदी में छोड़ा गया है।**

नूंह के आलदोका गांव में श्री अखंड रामायण पाठ के लिए निकली कलश यात्रा को कीचड़ में से गुजरना पड़ा।

**सोनीपत में रोहट पीएचसी की बिल्डिंग भरभराकर गिर गई। कोई जनहानि नहीं हुई।**

हरिभूमि टीम ⏭ हरियाणा

प्रदेश के कई जिलों पानीपत, सोनीपत, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, फरीदाबाद, कैथल, पंचकूला, हिसार, पंचकूला और कुरुक्षेत्र में गुरुवारको तेज बारिश हुई। इसका असर जनजीवन पर भी देखना को मिला। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो दिन कई जिलों में तेज बरसात होने की संभावना है। 10 जुलाई को उत्तर हरियाणा (अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर) में तेज बारिश हो सकती है, जबकि दक्षिण हरियाणा में हल्की से मध्यम बारिश होगी। 11 जुलाई से बारिश धीरे-धीरे कम होगी। मौसम विभाग ने इस सीजन में पहली बार बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव होने से जनजीवन प्रभावित हुआ। पंचकूला के नाडा साहिब एरिया में जहां बरसाती नदी में उफान आ गया। इससे नदी पर बनाए गए अस्थायी रास्ते पर कई फुट पानी बहने लगा और आवाजाही बंद हो गई। इस कारण वहां से निकल रहे गांव गुमथला के स्कूली बच्चों के वाहन फंस गए। करीब पांच घंटे तक बच्चे अपने वाहनों में ही बैठे रहे। बाद में पानी कम होने पर किसी तरह वाहन वहां से निकले।



**सोनीपत में रोहट पीएचसी की बिल्डिंग भरभराकर गिर गई।**

## भ्रामक लेबल पर एफएसएसएआई का कई कंपनियों को नोटिस

# चॉकलेट में कोकोआ नहीं फ्रूट कैंडी में फल नहीं

सेंट्रल डेस्क ⏭ रोहतक

जिस क्रीम बन पर बड़े-बड़े अक्षरों में 100% प्राकृतिक लिखा हो, उसमें प्रिजर्वेटिव मौजूद हो सकते हैं। प्रीमियम चॉकलेट के नाम से बेचे जाने वाले उत्पाद में कोकोआ बटर की जगह हाइड्रोजेनेटेड वनस्पति वसा का इस्तेमाल हो सकता है। वहीं, फलों के स्वाद वाली कैंडी ऐसी भी हो सकती है जिसमें फल का अंश तक न हो। भ्रामक खाद्य लेबलों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने लोटे इंडिया कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड, फर्न्स एन पीटल्स प्राइवेट लिमिटेड और कुबेरा फूड्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। एफएसएसएआई का आरोप है कि इन कंपनियों के कई उत्पादों के पैकेट पर किए गए दावे उपभोक्ताओं को उनकी सामग्री और पोषण संबंधी जानकारी के बारे में गुमराह कर सकते हैं। प्राधिकरण ने कंपनियों से सात दिनों के भीतर यह बताने को कहा है कि उनके खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई क्यों न की जाए। दिल्ली के एम्स की आहार विशेषज्ञ मोनीता गेहलोत ने कहा कि पैकेट के सामने दी गई जानकारी, पीछे दिए गए विस्तृत विवरण से मेल खानी चाहिए।

> प्राधिकरण ने कंपनियों को सात दिन के भीतर विस्तृत जवाब देने को कहा

### टीएमसी के 3 पूर्व राज्यसभा सांसद भाजपा में शामिल पार्टी ने बनाया उम्मीदवार

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के तीन पूर्व राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर राय और प्रकाश चिक बराइक गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने तीनों को बंगाल की तीन राज्यसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। प्रदेश अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने तीनों को कोलकाता में सदस्यता दिलाई। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में टीएमसी की हार के बाद तीनों नेताओं ने राज्यसभा की सदस्यता और टीएमसी से इस्तीफा दे दिया था। तीनों ने ममता से नाराजगी जताई थी और कहा था कि पार्टी मनमाने ढंग से चल रही है।

## राममंदिर चढ़ावा चोरी मामला

# आरोपियों के घर से मिले नोटों के बंडल

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आरोपी अनुकल्प मिश्रा को पुलिस गुरुवार सुबह 9 बजे उसके घर लेकर गई। वहां करीब 20 मिनट तक तलाशी ली। घरवालों से भी पूछताछ की। इससे पहले, बुधवार को पुलिस लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडेय को भी उनके घरों पर लेकर गई थी। इनके भी घरों की तलाशी ली थी। पुलिस ने आरोपियों के रिश्तेदारों के 30 बैंक खाते फ्रीज किए हैं। इन खातों में आय की तुलना में अधिक लेन-देन मिलने की बात सामने आई है। वहीं, तीनों के घरों की तलाशी के दौरान पुलिस ने नोटों के बंडल और सोने के जेवर (कान की बालियां, लॉकेट) बरामद किए। साथ ही एक कार भी मिली।

■ खातों में आय की तुलना में अधिक लेन-देन मिला

## मोदी और अल्बनीज के बीच बैठक, डील पर बनी सहमति

# भारत को यूरेनियम देगा ऑस्ट्रेलिया, कई समझौते

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार को यूरेनियम डील पर मुहर लग गई है। मेलबर्न में पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज ने मीटिंग के बाद द्विपक्षीय बैठक में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, स्पेस और महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) समेत कई क्षेत्र में समझौतों की घोषणा की। मोदी ने कहा- भारत और ऑस्ट्रेलिया मिलकर क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर भी विकसित करेंगे। कोकोस (कीलिंग) द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल बनाया जाएगा, जिससे भारत के गगनयान मिशन को मदद मिलेगी। मोदी ने 16 साल के बच्चों को सोशल मीडिया बैन करने के मामले में ऑस्ट्रेलिया की तारीफ की। इसके बाद मेलबोर्न में 30 हजार भारतीयों को संबोधित किया।



*(पैकेज पेज-8 पर)*

## नोवो नॉर्डिस्क कंपनी ने लॉन्च की पहली बेसल इंसुलिन

रोज दवा लेने से छुटकारा, 10.1 करोड़ को लाभ

# डायबिटीज का सप्ताह में लगेगा एक टीका, 40% सस्ता, कीमत 261 रुपये

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डेनमार्क की दवा कंपनी नोवो नॉर्डिस्क ने भारत में अविक्ली (इंसुलिन आइकोडेक) लॉन्च की। कंपनी का दावा है कि यह दुनिया की पहली सप्ताह में एक बार दी जाने वाली बेसल इंसुलिन है, जो टाइप-1 और टाइप-2 डायबिटीज के वयस्क मरीजों के लिए है। इसके आने से रोजाना लगने वाले 365 इंसुलिन इंजेक्शन घटकर साल में 52 रह जाएंगे। कंपनी के मुताबिक, अविक्ली का उद्देश्य भारत में इंसुलिन शुरू करने में होने वाली देरी को कम करना है। नोवो नॉर्डिस्क का कहना है कि रोज इंजेक्शन लगाने का डर मरीजों के बीच इंसुलिन थेरेपी शुरू करने में सबसे बड़ी बाधा है, जिसके कारण औसतन सात से नौ साल की देरी हो जाती है। कंपनी ने 700 यूनिट का पैक 2611 में लॉन्च किया है। यानी इसकी कीमत 3.73 प्रति यूनिट पड़ेगी, जो मौजूदा दैनिक बेसल इंसुलिन की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत तक सस्ती बताई गई है। यदि किसी मरीज को रोज 10 यूनिट इंसुलिन की जरूरत होती है, तो उसे सप्ताह में 70 यूनिट इंसुलिन लगेगी, जिसकी लागत करीब 261 रुपये प्रति सप्ताह होगी।



### पेन डिवाइस के जरिए हफ्ते में एक बार लगाया जाएगा

नोवो नॉर्डिस्क इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रांत श्रोत्रिया ने कहा कि अविक्ली की सबसे बड़ी खासियत इसकी प्रतिस्पर्धी कीमत है। भारत में करीब 10.1 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं, जबकि 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटीज की स्थिति में हैं। देश में 9 लाख से अधिक लोग टाइप-1 डायबिटीज से प्रभावित हैं, जिनके इलाज का मुख्य आधार इंसुलिन है। अविक्ली को फ्लेक्स टच पेन डिवाइस के जरिए सप्ताह में एक बार लगाया जाएगा। 'इससे इलाज का बोझ कम होगा, मरीजों की दवा लेने की नियमितता बढ़ेगी और इंसुलिन थेरेपी शुरू करने में होने वाली हिचक भी कम होगी। अविक्ली ने रोजाना दी जाने वाली इंसुलिन की तुलना में ब्लड शुगर को तय सीमा में रखने के बेहतर परिणाम दिए।


हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एवं जनता TV

हरियाणवी म्यूज़िक अवार्ड 2026

हरियाणवी संगीत का गौरव — हरियाणवी संस्कृति, हमारी पहचान

1 अगस्त 2026 शनिवार | जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, मुरथल रोड, सोनीपत (हरियाणा)

नॉमिनेशन की प्रक्रिया 4 जुलाई 2026 से शुरू

Category
- Haryanvi Rapper of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Ghada-Bhenjo) (Male & Female)
- Haryanvi Ragni Singer of the Year (Pakka Saaz) (Male & Female)
- Haryanvi Desi Pop Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Devotional Singer of the Year (Male & Female)
- Haryanvi Lyricist of the Year
- Haryanvi Music Composer of the Year
- Haryanvi Master/Mixer of the Year
- Haryanvi Most Melodious Song of the Year

Only for songs released from 1 January 2025 to 31 December 2025

नॉमिनेशन के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें
*or visit our website at :*
www.haribhoomi.com
Last Date : 12 July 2026

नॉमिनेशन के लिए पात्रता
- केवल हरियाणवी बोली में जारी किए गए गीत ही नामांकन हेतु मान्य होंगे।
- गीत/संगीत कृति का आधिकारिक रिलीज वर्ष 2025 (1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025) के बीच होना अनिवार्य है।
- नामांकन संबंधित श्रेणियों के अनुसार गायक/गायिका, रैपर, गीतकार, संगीतकार, म्यूजिक मिक्सर एवं अन्य पात्र कलाकारों द्वारा किया जा सकता है।
- अगर आप एक से ज्यादा कैटेगरी के लिए खुद को नॉमिनेट करना चाहते हैं, तो आपको हर कैटेगरी के लिए अलग-अलग नॉमिनेशन फॉर्म भरना होगा।
- नॉमिनेशन फॉर्म केवल नॉमिनी या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ही भरा जा सकता है।
- कृपया सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरें। आयोजन समिति आवश्यक होने पर सभी प्रविष्टियों एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। अपूर्ण अथवा गलत जानकारी वाले आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं।
- सभी नॉमिनेशन का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- किसी भी कैटेगिरी में पांच से कम प्रतिभागी/नॉमिनी रहने पर उस कैटेगिरी को रद्द कर दिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 7404443155 advthbtv@gmail.com

## खबर संक्षेप

### भारतीय मजदूर संघ मुख्य सचिव से मिला

**चंडीगढ़।** भारतीय मजदूर संघ शिष्ट मंडल की बैठक मुख्य सचिव हरियाणा अनुराग रस्तोगी से मिला। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार, उत्तर क्षेत्र से संगठन मंत्री सोहनलाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन कुमार के साथ प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मेहला के अलावा प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे। संघ हरियाणा प्रदेश द्वारा दिए गए मांग पत्र की कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी है। इसमें मुख्य बिंदुओं की बात करें, तो सर्विस सिक्योरिटी एक्ट में 15 अगस्त की तारीख दी गई है, इसके लेटर जारी किए जाएं जिस पर आश्वस्त किया गया कि जैसे एचओडी स्वीकृति देते ही पत्र जारी होते रहेंगे।

### कर्मियों के सेवा मामलों में विजिलेंस क्लियरेंस जरूरी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने ग्रुप ए एवं बीअधिकारियों से जुड़े प्रमुख सेवा मामलों में विजिलेंस क्लियरेंस को अनिवार्य कर दिया है। अब पेंशन एवं सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, सरकारी कर्मचारियों को पासपोर्ट जारी करने, प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) तथा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अन्य सेवा मामलों में विजिलेंस क्लियरेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, निर्धारित सेवा मामलों में विजिलेंस क्लियरेंस/एनओसी प्राप्त करने के लिए एक मानकीकृत व्यवस्था लागू की गई है। सभी विभागों, बोर्डों, निगमों तथा अन्य सरकारी संस्थाओं में प्रक्रियागत एकरूपता, पारदर्शिता तथा समयबद्ध निर्णय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन दिशा-निर्देशों को व्यापक समीक्षा के बाद जारी किया गया है।

### स्टेनोग्राफी हिन्दी के लिए 15 तक ऑनलाइन आवेदन

**चंडीगढ़।** प्रदेश के भूतपूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों, युद्ध विधवाओं, भूतपूर्व अर्द्धसैनिक बलों तथा सेवारत अर्द्धसैनिक बलों के आश्रितों के लिए रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), में सत्र 2026-27 के लिए स्टैनोग्राफी हिन्दी (एनसीवीटी) का एक वर्षीय प्रशिक्षण कोर्स संचालित किये जा रहे हैं। यह कोर्स श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय स्तर का डिप्लोमा है। कोर्स के लिए 15 तक आवेदन करना होगा।

### प्रधानमंत्री की रैली को भव्य बनाने की तैयारी तेज, 10 एकड़ में सजेगा पंडाल

# पीएम मोदी हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी, दो मेडिकल कॉलेजों का करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई के प्रस्तावित दौरे को लेकर जींद में तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। बारिश के कारण जनसभा स्थल को पांडू पिंडारा से बदलकर एकलव्य स्टेडियम के सामने स्थित मैदान में किया गया है, जहां 10 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विशाल पंडाल तैयार किया जा रहा है। मैदान को समतल करने के लिए छह जेसीबी मशीनें लगातार कार्य कर रही हैं, जबकि 20 से अधिक ट्रकों के माध्यम से टेंट, मैट, एग्जॉस्ट फैन और अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाई गई है। प्रशासन ने रैली के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को भी प्राथमिकता दी है। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पांच अत्याधुनिक एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस तैनात रहेंगी। इन एंबुलेंस में गंभीर मरीजों के उपचार के लिए आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिला परिवहन कार्यालय ने इन नई एंबुलेंस की पासिंग भी पूरी कर दी है प्रधानमंत्री इस दौरे के दौरान देश की पहली हाइड्रोजन आधारित ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा हरियाणा में कई सड़क, रेल और स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे।



जींद। एकलव्य स्टेडियम में कार्यक्रम के लिए चल रही तैयारियां।

### कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक को समर्पित करेंगे

करीब 350 करोड़ रुपये की लागत से बने कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री करेंगे। इससे शहर में वर्षों से चली आ रही जाम की समस्या में बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही अंबाला-काला अंब ग्रीनफील्ड फोरलेन कॉरिडोर, दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड, जींद-गोहाना राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 352ए), हांसी-बरवाला फोरलेन तथा बीकानेर-सिवानी-सोनीपत सड़क परियोजनाओं के शुरू होने से प्रदेश की कनेक्टिविटी को नई रफ्तार मिलेगी। प्रधानमंत्री कुरुक्षेत्र में बनने वाले अत्याधुनिक सिख म्यूजियम का शिलान्यास भी करेंगे।

### ट्रेन में जींद से सोनीपत तक यात्रा करेंगे 50 बच्चे

**जींद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 जुलाई को हाइड्रोजन ट्रेन के साथ- साथ जींद व नरवाना में नवनिर्मित अमृत भारत स्टेशन का भी उद्घाटन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए नार्दन रेलवे कई शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करेगा। नार्दन रेलवे की तरफ से जींद खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र लिख कर पांच स्कूलों में ड्राइंग व निबंध प्रतियोगिता करवाने के लिए कहा है। सातवीं व आठवीं कक्षा के विद्यार्थी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के विषय मेरे शहर का विकसित स्टेशन कैसा होगा और विकसित भारत बनाने के लिए मैं क्या करूंगा होंगे। जो विद्यार्थी विजेता होंगे, उनको प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उद्घाटन के बाद हाइड्रोजन ट्रेन में जींद से सोनीपत 50 स्कूली विद्यार्थी जाएंगे।

## प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने की तैयारियों की समीक्षा



**जींद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 17 जुलाई को जींद में होने वाली जनसभा की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता और प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गुरुवार को जींद स्थित चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में हुई बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और रैली के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ले अब तक की तैयारियों की भी समीक्षा की। प्रधानमंत्री मोदी के इस कार्यक्रम को इको-फ्रेंडली बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, मंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ट्रेन के नियमित संचालन का शेड्यूल जारी

**जींद।** देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के नियमित संचालन को लेकर रेलवे ने शेड्यूल जारी कर दिया है। निर्धारित समय के अनुसार हाइड्रोजन ट्रेन प्रतिदिन सुबह 7 बजकर40 मिनट पर जींद जंक्शन से सोनीपत रवाना होगी। ट्रेन रोजाना जींद और सोनीपत के बीच एक चक्कर लगाएगी। जींद से रवाना होने के बाद मार्ग में पडने वाले 12 स्टेशनों और हाल्ट पर निर्धारित समय के अनुसार ठहरेगी। इससे बीच के कस्बों और गांवों के यात्रियों को भी इस नई तकनीक वाली ट्रेन में सफर करने का अवसर मिलेगा। वापसी में भी ट्रेन निर्धारित समय के अनुसार सोनीपत से जींद पहुंचेगी।

# 10 दिन में शुरू होगा हरियाणा का पहला ऑनलाइन तबादला अभियान

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने मॉडल ऑनलाइन तबादला नीति, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाते हुए सभी विभागों को आगामी 10 दिनों के भीतर आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों एवं निगमों, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को जारी व्यापक निर्देशों में कहा है कि पहला ऑनलाइन तबादला अभियान निर्धारित समय के भीतर शुरू करने के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं। प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों एवं निगमों, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को जारी निर्देशों में एचआरएमएस रिकॉर्ड के अपडेशन, ऑनलाइन सॉफ्टवेयर मॉड्यूल तैयार करने, नोडल अधिकारियों की नियुक्ति व अन्य निर्देश दिए।

- **मुख्य सचिव ने विभागों को समयबद्ध तैयारियों के दिए निर्देश**

### सीईटी ग्रुप-डी : करेक्शन पोर्टल पर 35 हजार से ज्यादा ने किया सुधार

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का सीईटी ग्रुप-डी भर्ती परीक्षा का करेक्शन पोर्टल सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार सुबह 11:15 बजे तक 35,260 अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में विभिन्न प्रकार के संशोधन कर चुके हैं। अभ्यर्थी 11 जुलाई रात 11:59 बजे तक आवेदन में आवश्यक सुधार कर सकते हैं वहीं 1,579 अभ्यर्थियों ने डोमिसाइल प्रमाणपत्र संख्या, 1,490 ने श्रेणी, 1,221 ने हस्ताक्षर तथा 1,167 ने डोमिसाइल प्रमाणपत्र में संशोधन किया। इसके अलावा आधार, स्थायी व पत्राचार पता, माता-पिता का नाम, वैवाहिक स्थिति, जन्मतिथि, खेल, दिव्यांग और पूर्व सैनिक सहित अन्य श्रेणियों से जुड़े दस्तावेजों में भी अभ्यर्थियों ने सुधार किए हैं।

## अनुबंधित व्याख्याताओं की सेवा सुरक्षा कानून पर कवायद तेज

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा राज्य विश्वविद्यालय अनुबंधित व्याख्याता (सेवा सुरक्षा) अधिनियम, 2026 के मसौदे को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसी कड़ी में उच्चतर शिक्षा विभाग के महानिदेशक (डीजीएचई) ने प्रदेश के 10 राज्य विश्वविद्यालयों को रिमाइंडर जारी कर तीन दिन के भीतर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। 8 जुलाई 2026 को जारी पत्र में विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों से कहा गया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर मांगी गई सूचना उपलब्ध कराई जाए। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो संबंधित कुलसचिव को व्यक्तिगत रूप से डीजीएचई कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी देनी होगी। विभाग ने इससे पहले 1 जुलाई को भी इसी विषय में पत्र जारी किया था, लेकिन अधिकांश विश्वविद्यालयों से सूचना प्राप्त नहीं होने पर दोबारा रिमाइंडर भेजा गया है। उच्चतर शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों से पूर्णकालिक और अंशकालिक आधार पर कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी देनी होगी।

- **10 विवि को तीन दिन में जानकारी देने के निर्देश**

## हाईकोर्ट ने दुष्कर्म-हत्या के दोषी की फांसी की सजा बदली, अब 50 साल की कैद

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सात वर्ष की उम्र पूरी होने से महज 17 दिन पहले दुष्कर्म और हत्या की शिकार हुई एक मासूम बच्ची के मामले में दोषी की सजा-ए-मौत को आजीवन कारावास में बदलते हुए निर्देश दिया है कि वह बिना किसी रिमिशन के 50 वर्ष की वास्तविक कैद भुगतेगा। अदालत ने दुष्कर्म, हत्या, अपहरण और साक्ष्य मिटाने के अपराध में उसकी दोषसिद्धि को पूरी तरह बरकरार रखा। साथ ही पुलिस जांच में दस्तावेज गढ़ने, लोक अभियोजक की गंभीर लापरवाही और ट्रायल कोर्ट की विफलताओं पर भी कड़ी टिप्पणी की। जस्टिस अनूप चितकारा और जस्टिस रमेश चंद्र दिमरी की खंडपीठ ने कहा कि पीड़िता की 'पहली गलती यह थी कि वह भारत में लड़की पैदा हुई और दूसरी यह कि वह समाज के सबसे गरीब तबके में जन्मी।' अदालत ने कहा, 'जब राज्य सभी पुराने मूल्य तंत्रों का स्थान ले चुका है तो उसका दायित्व है कि हर नागरिक को समान सम्मान, गरिमा के साथ जीवन और सुरक्षा सुनिश्चित करे। अदालत ने ट्रायल कोर्ट की भूमिका पर भी महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा, 'हर मुकदमा एक जहाज की तरह है जिसे किनारे तक पहुंचना है और जब वह मुश्किल पानी में हो तो ट्रायल जज जहाज छोड़ने वाला अंतिम व्यक्ति होना चाहिए।'

- **हाईकोर्ट की पुलिस जांच और अभियोजन की गंभीर कमियों पर कड़ी टिप्पणी**
- **दोषी पर 73 लाख का जुर्माना भी लगाया गया**

### सहायक प्रोफेसर भर्तीः अतिरिक्त परीक्षा पर पीठ करेगी निर्णय

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सहायक प्रोफेसर भर्ती से जुड़े एक महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्न को बड़ी पीठ के पास भेज दिया है। बड़ी पीठ यह तय करेगी कि क्या राज्य सरकारें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के 2018 के विनियमों से अधिक कड़े चयन मानदंड लागू कर सकती हैं और स्क्रीनिंग या विषय ज्ञान परीक्षा जैसी अतिरिक्त चयन प्रक्रिया अपना सकती हैं। हालांकि, हाईकोर्ट ने हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) की चयन प्रक्रिया को वैध ठहराते हुए उसे चुनौती देने वाली अभ्यर्थी की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने कहा कि इस मुद्दे पर हाईकोर्ट की समन्वय पीठों के अलग-अलग फैसले हैं, इसलिए अंतिम कानूनी निर्णय बड़ी पीठ करेगी। मामला एचपीएससी द्वारा सहायक प्रोफेसर के 123 पदों की भर्ती से जुड़ा है। चयन प्रक्रिया में पहले स्क्रीनिंग परीक्षा, फिर विषय ज्ञान परीक्षा और अंत में साक्षात्कार रखा गया था।

## गुरुग्राम-नूंह बिजली प्राइवेटाइजेशन पर फैसला अभी नहीं, एचईआरसी ने बनाई कमेटी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में गुरुग्राम और नूंह की बिजली वितरण व्यवस्था निजी कंपनी को सौंपने के प्रस्ताव पर फिलहाल कोई अंतिम फैसला नहीं होगा। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग ने मामले की गहन जांच के लिए तीन सदस्यीय स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति गठित कर दी है। समिति 13 जुलाई से काम शुरू करेगी और 15 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट आयोग को सौंपेगी। इसके बाद आयोग अंतिम निर्णय लेगा। आयोग ने यह अंतरिम आदेश गुरुवार को जारी किया। इससे पहले 8 जुलाई को हुई जनसुनवाई में निजी कंपनी, बिजली निगमों, कर्मचारी संगठनों, किसान संगठनों, उपभोक्ता प्रतिनिधियों और अन्य पक्षों की दलीलें सुनी गई थीं। सुनवाई पूरी होने के बाद आयोग ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

### निजी हाथों में सौंपने की साजिश : संपत



**चंडीगढ़।** इनेलो संरक्षक और पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह ने गुरुग्राम और नूंह में बिजली वितरण का काम निजी कंपनी इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को देने की सरकार की कोशिश की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह बिजली क्षेत्र में सुधार नहीं, बल्कि जनता की संपत्ति, सरकारी ढांचे और सरकारी आय को निजी हाथों में सौंपने की कोशिश है। वीरवार को चंडीगढ़ स्थित पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता की और सरकार पर हमला बोला। प्रो. संपत सिंह ने बिजली निजीकरण को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि डीएचबीवीएन का 42 प्रतिशत रिवेन्यू गुरुग्राम जिले से आता है।

# नए प्रभारी के सामने कांग्रेस की गुटबाजी आई सामने, हुड्डा-सुरजेवाला ने कसे तंज

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी संजय दत्त की मौजूदगी में पार्टी की अंदरूनी गुटबाजी एक बार फिर खुलकर सामने आ गई। प्रदेश कांग्रेस की जनरल बॉडी बैठक के दौरान नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला के बीच मंच से ही सियासी तंज देखने को मिले। वहीं, बैठक के बाहर वरिष्ठ नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह ने भी स्वीकार किया कि संगठन के अभाव में गुटबाजी बढ़ी है और इसे खत्म करने के लिए जल्द संगठन का गठन जरूरी है। बैठक के दौरान भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मजाकिया अंदाज में सुरजेवाला से कहा, ऱणदीप मेरा साथ दे दे, फिर देखो हम सरकार बना देंगे। इस पर सुरजेवाला ने तुरंत जवाब दिया, 20 साल से आपका साथ दे रहे हैं, अब आपकी बारी है हमारा साथ देने की। दोनों नेताओं के बीच हुई इस नोकझोंक पर बैठक में मौजूद नेताओं ने ठहाके लगाए, लेकिन इससे पार्टी की अंदरूनी खींचतान भी उजागर हो गई।

### सैलजा बोलीं, कार्यकर्ता व्यक्ति विशेष के बजाए पार्टी के पक्ष में नारे लगाएं

कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने भी कार्यकर्ताओं को किसी व्यक्ति विशेष के बजाय पार्टी और हाईकमान के पक्ष में नारे लगाने की सलाह दी। इसे भी गुटबाजी पर परोक्ष टिप्पणी माना गया। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में बीरेंद्र सिंह ने कहा कि गुटबाजी तभी होती है, जब संगठन नहीं होता। उन्होंने प्रदेश संगठन का गठन जल्द करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए कांग्रेस को पहले मजबूत संगठन खड़ा करना होगा। हरियाणा कांग्रेस के नए प्रभारी संजय दत्त के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती विभिन्न गुटों के नेताओं को एकजुट कर संगठन को मजबूत करना माना जा रहा है।


**Indian Red Cross Society**
**District Branch, Mahendergarh at Narnaul**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला रैडक्रास सोसायटी, महेंद्रगढ स्थित नारनौल द्वारा उप–मण्डल परिसर महेंद्रगढ में रैडक्रास वाहन पार्किंग का एक वर्ष का ठेका दिए जाने हेतु दिनांक 20.07.2026 को उप–मण्डल अधिकारी (ना.) कार्यालय महेंद्रगढ में दोपहर 01.00 बजे खुलीबोली का आयोजन किया जाएगा। इस बोली में कोई भी आमजन हिस्सा ले सकता है एवं जलपान कैन्टीन का आवंटन दिए जाने के लिए केवल महिला स्वयं सहायता समूहों से आवेदन आमन्त्रित किए जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति मौके का लाभ उठाएं। नियम व शर्तें जिला रैडक्रास नारनौल के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

सचिव, जिला रैडक्रास सोसायटी, महेंद्रगढ स्थित नारनौल



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 122 दिनांक 27.06.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना बरोदा जिला सोनीपत।



**गुमशुदा की पहचान**
नाम- हेमवती।
पति का नाम -देवेन्द्र।
पता - गांव भैंसवान खुर्द तहसील गोहाना जिला सोनीपत
उम्र- 33 वर्ष।
कद- 5 फुट 2 ईन्च।
हुलियाः- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर, काली आँखें, विवाहित।
पहनावा - हल्का हरे रंग का सुट सलवार, काले रंग की चुन्नी व गाजरी रंग की जूती पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26-06-2026 को हेमवती पत्नी देवेन्द्र वासी गांव भैंसवान खुर्द तहसील गोहाना जिला सोनीपत बिना किसी को कुछ बताये घर से चली गयी है जो अभी तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना मो. नं. - 7419410546
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 9467512303
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5017/2027/47018/88/6 दि. 09.07.26



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

मु.न. 385 दिनांक 05.07.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना खरखौदा जिला सोनीपत।



**गुमशुदा की पहचान**
नाम-यमन।
पिता का नाम - मुकेश।
पता-गांव बरोणा जिला सोनीपत।
उम्र- 26 वर्ष।
कद- 5 फुट 7 ईन्च।
हुलियाः- रंग गोरा, गोल चेहरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर, भुरी आँखें, काले बाल, दाहिने हाथ पर निशान चोट।
पहनावा- काले रंग की शर्ट व नीले रंग की जीन्स स्पोर्ट जूते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 03.07.2026 को यमन पुत्र मुकेश कुमार वासी गाँव बरोणा जिला सोनीपत, गांव बरोणा से दिल्ली के लिए गया था लेकिन यमन अपने घर अभी तक वापिस नहीं आया और जिस बारे अभी तक कोई सुराग नहीं चल सका है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना मो. नं. - 7419410536
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 9728911402
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5019/2027/47023/88/6 दि. 09.07.26



**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे लुवास, के न्यू कैम्पस हिसार में अमरूद के बगीचे (6 एकड़ में 450 पेड़ लगभग) की एक वर्ष के अनुबंध (14 मार्च 2027 तक) के लिए खुली बोली की जाएगी। बोलीदाता बोली से पहले किसी भी कार्य दिवस पर अमरूद के बाग का निरीक्षण कर सकता है। उपरोक्त बोली के लिए प्रत्येक बोलीदाता को बोली से पहले व दिनांक 17 जुलाई 2026 को 30000/-धरोहर राशि नगद जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता की धरोहर राशि कुल राशि में समायोजित की जायेगी। असफल बोलीदाताओं की धरोहर राशि बोली के तुरन्त बाद वापिस कर दी जायेगी। सफल बोलीदाता को 25% राशि मौके पर जमा करवानी होगी तथा शेष राशि 72 घंटे के अंदर-अंदर जमा करवानी होगी अन्यथा द्वितीय सफल बोलीदाता को एक वर्ष के अनुबंध के लिए बगीचे को दे दिया जाएगा, और पहले बोलीदाता की जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी। शेष शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। सभी बोलीदाता इस अवसर पर आमंत्रित हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग के इस नम्बर पर (01662-256118) सम्पर्क कर सकते है।

हस्ता/-प्रोफेसर एण्ड हेड
एनिमल न्यूट्रीशन विभाग लुवास

संवाद-1305/11/115/2027/47024/C/88/6 दि. 09.07.26



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिला (निर्वाचन क्षेत्र रतिया) में कि.मी. 18.50 से 18.70 तक धारसुल भुना रोड से रतिया तक (आईडी 5550) पर क्रैश बैरियर का प्रावधान (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | 08.07.2026 15.07.2026 | 17.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में प्रांतीय मंडल सं. I, लोनिवि भ व प शाखा, हिसार में मेन स्टोर हिसार में आकार 53 मिमी से 22.4 मिमी में स्टोन मैटल की आपूर्ति, ढुलाई और एकत्रीकरण। | बंद होने की तिथि 14.07.2026 | 3.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में सहरवा गरनपुरा से जिला सीमा तक आरडी 3.000 से 3.280 तक बाढ़ प्रभावित रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 4767)। | बंद होने की तिथि 13.07.2026 | 16.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव चुलकाना (समालखा) जिला पानीपत में राजकीय आईटीआई का निर्माण (पावर वायरिंग का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 09.07.2026 16.07.2026 | 187.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | वर्ष 2026 हेतु आरडी 201000-एल ड्रेन नं. 8 पर आरडी 0 से 7850 आउटफॉल तक काहनौर मसदपुर पाइप लाइन पम्प हाउस लिंक ड्रेन पर क्षतिग्रस्त ब्रिक मेसनरी हौदी और सम्प वैल को आरसीसी हौदी और आरसीसी सम्प वैल में बदलना। | बंद होने की तिथि 13.07.2026 | 9.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जेएलएन फीडर के डीआरबी आरडी 136200 पर चेन लिंक फेंसिंग की स्थापना + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.07.2026 | 15.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262271675 xenfdrrtk@gmail.com |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | मशीनरी और उपकरण (23 मदें) की खरीद, सेक्टर मैकेनिकल/प्रोडक्शन। | 09.07.2026 23.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वर्किंग ऊंचाई 104 मीटर सहित एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 09.07.2026 07.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वर्किंग ऊंचाई 68 मी. सहित टर्न टेबल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 09.07.2026 07.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वर्किंग ऊंचाई 42 मीटर सहित एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 09.07.2026 07.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वर्किंग ऊंचाई 55 मीटर सहित एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 09.07.2026 07.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वर्किंग ऊंचाई 90 मीटर सहित एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 09.07.2026 07.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वर्किंग ऊंचाई 70 मीटर सहित एरियल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 09.07.2026 07.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2027/260/47007/I/88/6 दि. 09.07.26

from

# GALGOTIAS

to

# CAMBRIDGE

**Pursuant to the MoU between**

GALGOTIAS UNIVERSITY

×

GIRTON COLLEGE
UNIVERSITY OF CAMBRIDGE

## 16 STUDENTS FROM GALGOTIAS UNIVERSITY

Embark on a


**Fully Sponsored Global Journey**

attending prestigious

**Entrepreneurship and Artificial Intelligence (AI) Program**

*At*

**Girton College, University of Cambridge**



*A Global Milestone. A Lifetime of Possibilities.*


**Nitya Upadhyay**
B.Tech IT
3rd Year


**Krishna Garg**
B.TECH CSE
3rd Year


**Aditya**
B.TECH
(CSE -AI&ML)
3rd Year


**Pushkar Singh**
EE
2nd Year


**Abhishek Kumar**
B.Tech in CSE
with specialization in AI&ML
3rd Year


**Archit Kumar**
B.TECH (CSE)
3rd Year


**Aman Singh**
B.Tech in CSE
(Data Science)
iOS Development Centre
3rd Year


**Swastick Bisht**
B.Sc.
(Hons. With Research)
Microbiology
3rd Year


**Saksham Saxena**
B.Tech CSE with
AI&ML
4th Year


**Ansh Sharma**
B.Tech CSE
AI&ML
iOS Development
Centre | 3rd Year


**Yashika Sharma**
B.Tech CSE
AI&ML
3rd Year


**Tanishqa Giri**
BBA
in Financial
Investment Analysis
3rd Year


**Vayu Nandan Tripathi**
B.Tech CSE AI&ML
2nd Year


**Gaurang Pant**
B.TECH CSE
3rd Year


**Kavya Singh**
BBA
in Financial
Investment Analysis
3rd Year


**Keshav Madan**
Btech cse +
cyber security
3rd Year

A proud step towards advancing **India–UK** collaboration through education, innovation, industry and young talent.

For Admissions
Scan to Apply

RANKED 1201-1400

**#16** AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA | Ranked 3rd amongst Private Universities in Uttar Pradesh | Ranked 46th amongst Top Private and Government Universities in India

Scan to Explore
the World of Galgotias

**GLOBALLY RANKED FOR 3 CONSECUTIVE YEARS**

Galgotias Admissions Helpline No.: **9810162221, 9717300418, 9582847072** | **97173 00343** | **0120-4370000**

NAAC GRADE A+ Accredited University | **Web:** www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in

GALGOTIAS UNIVERSITY

## खबर संक्षेप

### प्रेमिका का गर्भपात करवा भ्रूण फेंकने वाला युवक गिरफ्तार

**हिसार।** ऋषि नगर क्षेत्र में झाड़ियों में भ्रूण को लावारिस हालत में फेंकने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी और उसकी प्रेमिका ने सामाजिक बदनामी के डर से गर्भपात के बाद भ्रूण को झाड़ियों में फेंक दिया था। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि 8 जुलाई को शहर पुलिस को सूचना मिली थी कि ऋषि नगर क्षेत्र में झाड़ियों के पास एक भ्रूण पड़ा हुआ है। तकनीकी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए गांव नियाणा निवासी अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि अनिल कुमार और एक युवती के बीच पिछले कई वर्षों से प्रेम संबंध थे। युवती के गर्भवती होने के बाद दोनों ने लोकलाज और सामाजिक बदनामी के भय से भ्रूण को ऋषि नगर क्षेत्र की झाड़ियों में फेंक दिया।

### हत्या व जानलेवा हमले में एक को उम्रकैद

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर की अदालत ने हत्या तथा जानलेवा हमला करने के जुर्म में दोषी को उम्रकैद तथा 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव गतौली निवासी जगमेंद्र ने 26 अगस्त 2023 को जुलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह तथा उसका भाई राममेहर खेत में रखवाली करने गए हुए थे। उसी दौरान गांव के ही अमित के साथ झगड़ा हो गया। कुछ समय बाद दोनों भाई बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में आरोपित अमित ने अपनी बोलेरो गाड़ी से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। उसी दौरान गाड़ी से रॉड लेकर नीचे उतरे और अमित ने दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। जिसमें दोनों भाइयों को गंभीर चोटें आई। इसमें राममेहर की मौत हो गई।

## गोवंश से भरे कैंटर की सुरक्षा में खड़े सिपाही को ट्रक ने कुचला

**नूंह (कासिम खान)।** तावडू उपमंडल के अंतर्गत थाना मोहम्मदपुर अहीर क्षेत्र में केएमपी एक्सप्रेसवे पर गुरुवार तड़के गोवंश रेस्क्यू अभियान के दौरान एक हादसे में पुलिस के जवान की मौत हो गई और एक जवान घायल हो गया। पुलिस टीम ने गोयला गांव के पास नाकाबंदी की हुई थी। एक कैंटर को रोकने का प्रयास किया गया, जिसमें वाहन के टायर पंक्चर हो गए। चालक की पहचान रानू सिंह निवासी जिला कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। कैंटर से 15 गाएं बरामद हुईं। कैंटर को वहीं खड़ा कर पार्किंग लाइटें चालू की गईं तथा सुरक्षा के लिए ट्रैफिक कोन और रिफ्लेक्टर लगाए गए। इसी बीच मानेसर की ओर से आए ट्रक ने खड़े कैंटर में टक्कर मार दी। निगरानी में खड़े सिपाही गिरीश और ईएसआई मुकेश कुमार उसकी चपेट में आ गए और गिरिश की मौत हो गई। पलवल के थनतरी निवासी गिरिश तीन वर्ष पूर्व हरियाणा पुलिस में भर्ती हुए थे। अपने पीछे वह पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री सहित भरा - पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



### कैथल पुलिस ने दो दोस्तों से अवैध असलहा किया बरामद

## पुलिस हिरासत से भागा निशानदेही पर आया बदमाश, पुल से गिरने पर पैर टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सीआईए-1 पुलिस द्वारा थाना तितरम व पूंडरी क्षेत्र से 2 आरोपियों को हथियारों के साथ काबू किया है। एक आरोपी द्वारा पुलिस गिरफ्त से भागने का प्रयास किया गया तो पुल से गिरकर उसका पैर टूट गया।

डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि पहले मामले में सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एचसी सतबीर सिंह की टीम गांव हरसौला बस अड्डा के पास मौजूद थी। सूचना मिली कि गांव हजवाना निवासी सुरेंद्र सिंह अवैध असलहा लिए गांव सिसमौर से पाई नहर पुल के पास किसी के इंतजार में खड़ा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी के



कब्जे से एक 315 बोर का अवैध पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ। आरोपी सुरेंद्र ने कबूला कि उसे एक असलाह सप्लायर ने 152 डी पर पाई से बरसाना रोड पर दिया था। आरोपी सुरेंद्र को सीआईए-1 पुलिस टीम वीरवार सुबह उक्त स्थान की निशानदेही करवाने के लिए 152 डी पर लेकर गई। यहां आरोपी सुरेंद्र द्वारा पुलिस टीम को चकमा देकर भागने का प्रयास किया गया तथा वह पुल से नीचे गिर गया तथा उसका पैर टूट गया। पुलिस ने उसे पकड़कर नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। दूसरे मामले में गांव हाबड़ी निवासी संदीप उर्फ दीपू को गांव जाम्बा के पास से अवैध देसी पिस्तौल लिए पकड़ा। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का अवैध कट्टा व एक कारतूस बरामद हुआ। जांच में पता चला है कि उक्त दोनों आरोपी दोस्त हैं तथा कुछ दिन पूर्व इन्होंने पूंडरी क्षेत्र में एक फायरिंग की वारदात की थी।

## गैस सिलेंडर फटने से गुब्बारे वाले की मौत, 4 बच्चे घायल

**नूंह।** जिले के पिनगवां थाना क्षेत्र से जुड़े एक दर्दनाक हादसे में गैस सिलेंडर फटने से एक फेरी लगाने वाले व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब 1:25 बजे गांव जमालगढ़ में एक व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल पर गैस के गुब्बारे बेचते हुए फेरी लगा रहा था। इसी दौरान अचानक उसके साथ रखा गैस सिलेंडर फट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। विस्फोट की चपेट में आने से आसपास खड़े करीब चार बच्चों को भी चोटें आईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से घायल व्यक्ति को तत्काल उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव मामलिका, थाना पिनगवां निवासी के रूप में बताई जा रही है। वहीं, हादसे में गुलफाम पुत्र दिलशाद (3), इम्तियाज पुत्र जेकम (8), जोया पुत्री जेकम (4) व मुज्जी पुत्र साजिद निवासी बांधोली (4) के घायल होने का समाचार मिला है।

**In the Court of Assistant Collector, 1st Grade, Bahadurgarh**
Case No. 200/NT
Smt Rajkumari Versus Smt Nirmla etc.
1. Smt Nirmla d/o Fate Singh S/o Shri Ram 2. Narender Pal S/o Sube Singh S/o Shri Ram 3. Padam Singh S/o Sube Singh S/o Shri Ram 4. Mukesh D/o Sube Singh S/o Shri Ram 5. Sudesh D/o Sube Singh S/o Shri Ram 6. Rajesh S/o Sube Singh S/o Shri Ram 7. Jai Bhagwan S/o Lalchand S/o Shri Ram 8. Jogender s/o Lalchand S/o Shri Ram 9. Kamla D/o Lalchand s/o Shri Ram 10. Rajbala D/o Lalchand S/o Shri Ram 11. Santra wd/o Mahender Singh S/o Lal chand 12. Sushila d/o Mahender Singh s/o Lal Chand 13. Nishab D/o Mahender Singh S/o Lalchand 14. Sunil S/o Mahender Singh s/o Lalchand 15. Manish wd/o Sandeep Kumar S/o Mahender Singh 16. Shubam S/o Sandeep Kumar S/o Mahender Singh 17. Prachi D/o Sandeep Kumar S/o Mahender Singh 18. Smt Nirmala wd/o Satbir Singh S/o Sube Singh 19. Kapil S/o Satbir singh S/o Sube Singh 20. Amit Kumar S/o Satbir Singh S/o Subey Singh 21. Santra mother of Sandeep Kumar S/o Mahender Singh All Resident of Village Daboda Kalan, Tehsil Bahadurgarh, Distt Jhajjar
Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of this court that above named respondents are avoiding service of summons and cannot be served in the ordinary manner, therefore this publication is issued against the respondents name above to appear before this court on 28/08/26 personally or through their counsel or failing which exparte proceedings shall be taken against them. Given under my hand and the seal of the court.
Sd/- AC 1st Grade Bahadurgarh

### झज्जर में डबल मर्डर की गुत्थी सुलझी

## ट्रकों से डीजल चोरी करने का चलाते थे गिरोह बंटवारे पर विवाद में साथियों ने की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एसटीएफ और सदर थाना की टीम द्वारा दुलीना पुलिस चौकी के नजदीक खून से लथपथ मिले दो व्यक्तियों के शव मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि शिकायतकर्ता हकीकत पुत्र याकूब निवासी जोला, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तरप्रदेश की शिकायत पर थाना सदर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। उन्होंने बताया कि डीसीपी क्राइम शुभम सिंह के मार्गदर्शन में स्पेशल स्टाफ एवं थाना सदर की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल का वैज्ञानिक निरीक्षण कर फोरेंसिक साक्ष्य जुटाए तथा सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, मोबाइल लोकेशन एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान सतीश पुत्र बेदू निवासी गांव किर्ठल, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश और विक्रम उर्फ लम्बू पुत्र जय प्रकाश निवासी गांव देहमी, थाना बहरोड़, जिला अलवर, राजस्थान के तौर पर की गई है।

### चोरी के बदले केवल 1500 देने से थे नाराज

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पूछताछ के अनुसार गिरोह में काम करने वाले सतीश एवं उसके साथी को डीजल चोरी के बदले प्रतिदिन केवल पंद्रह-पंद्रह सौ रुपये मजदूरी दी जाती थी, जबकि चोरी से होने वाला बाकी मुनाफा कामिल एवं इरशाद अपने पास रख लेते थे। इस बात को लेकर विवाद भी हुआ। बाद में दोनों चोरी का डीजल अन्य लोगों को बेचने लगे, जिससे गिरोह के अन्य सदस्यों में नाराजगी बढ़ गई और पैसों के बंटवारे को लेकर विवाद भी लगातार बढ़ता ही गया। इसी विवाद के चलते सतीश, विक्रम एवं उनके अन्य साथियों ने मिलकर कामिल और इरशाद की हत्या की साजिश रची।

### पहले गोली मारी, फिर पाइप से हमला

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि छह जुलाई की रात आरोपी कामिल एवं इरशाद को डीजल चोरी के बहाने अपने साथ झज्जर-गुरुग्राम रोड पर ले गए। रास्ते में एक ट्रक के पास गाड़ी रोकी गई। योजना के अनुसार पहले कामिल को गोली मारी गई। इसके बाद इरशाद को गुमराह करते हुए थोड़ी दूर गाड़ी में ले जाकर उसे भी गोली मार दी गई। विरोध करने पर उसके साथ लोहे की पाइप रिंच और पेचकस से भी हमला किया गया। दोनों की मौत सुनिश्चित करने के बाद आरोपियों ने शवों को फेंक दिया। वारदात के बाद खून से सने कपड़े जला दिए। घटना में प्रयुक्त मृतक कामिल की गाड़ी को पानी से धोकर साफ किया गया।

### एक रात में 600 से 700 लीटर तेल करते थे चोरी

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पिछले लगभग एक वर्ष से हरियाणा एवं राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क किनारे खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने का संगठित अवैध कारोबार कर रहे थे। गिरोह में कामिल, इरशाद, सतीश, विक्रम तथा उनका एक अन्य साथी शामिल था। यह गिरोह देर रात मृतक कामिल की एक्सयूवी-500 गाड़ी में निकलता था। पहले सड़क किनारे खड़े ट्रकों की रेकी की जाती थी। इसके बाद ट्रकों के डीजल टैंकों से पाइप के माध्यम से डीजल निकालकर कैनों में भर लिया जाता था। चोरी के दौरान आरोपी अपने मोबाइल बंद रखते थे ताकि उनकी लोकेशन ट्रेस न हो सके। पूछताछ में यह भी सामने आया कि एक रात में करीब 600 से 700 लीटर डीजल चोरी किया जाता था, जिसे बाजार भाव से कम कीमत पर बेच दिया जाता था। गिरोह का सदस्य विक्रम उर्फ लम्बू चोरी का डीजल खरीदता था।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मुख्य आरोपी सतीश और दूसरे आरोपी विक्रम को अदालत में पेश किया गया। जहां से मुख्य आरोपी सतीश को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर और विक्रम को पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी तथा वारदात में प्रयुक्त हथियार आदि को लेकर पूछताछ होगी।

**उत्तर रेलवे**
**शुद्धिपत्र**
निविदा संख्या: NR-Pr-UMB-EL-GR-254/G-02 दिनांक: 07.07.2026
कार्य का नाम:– "उत्तर रेलवे के गोहाना रेलवे स्टेशन पर स्थित टाइप–III (06 इकाई) एवं टाइप IV (02 इकाई) रेलवे आवासों तथा गोहाना, झज्जर एवं रोहतक रेलवे स्टेशनों पर स्थित 02 संख्या OHE/PSI डिपो एवं 03 संख्या टॉवर वैगन शेडों के विद्युतीकरण के शेष कार्य।"
उक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय 27.07.2026 को 15:00 बजे से परिवर्तित कर 31.07.2026 को 15:00 बजे कर दिया गया है। टिप्पणी: निविदा की अन्य सभी शर्तें एवं नियम यथावत रहेंगे। 2352/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद गोहाना | एम.सी. गोहाना में वाणिज्यिक क्षेत्र और मुख्य सड़कों की नाइट स्वीपिंग और दिन के समय में गली स्वीपिंग। | 08.07.2026 15.07.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 1263252013 ec-gohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/47002/I/88/6 दि. 09.07.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लुवास, हिसार | चारे की सामग्री की खरीद। | 07.07.2026 28.07.2026 | 170.12 लाख | www.luvas.edu.in | 1662289547 spo@luvas.edu.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/47004/I/88/6 दि. 09.07.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीएमडीए गुरूग्राम | गांव नौरंगपुर, सेक्टर-78, गुरूग्राम में 3 माह की ट्रायल रन अवधि के पश्चात 6 वर्षीय त्रुटि जिम्मेवारी-सह-रखरखाव अवधि सहित एसबीआर टेक्नोलॉजी पर आधारित 40 एमएलडी एसटीपी और 90 एमएलडी मेन पम्पिंग स्टेशन (एमपीएस) का डिजाइन और निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 22.06.2026 13.07.2026 | 63,26,16,483/- | https://www.gmda.gov.in | 9773972700 xen4infra2.gmda@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/47000/I/88/6 दि. 09.07.26

## जेल में बंदी की मौत पर रिपोर्ट तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने फरीदाबाद जेल नीमका में न्यायिक अभिरक्षा के दौरान एक विचाराधीन बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु के मामले का संज्ञान लेते हुए विस्तृत जांच रिपोर्ट तलब की है। आयोग के सदस्य दीप भाटिया ने महानिदेशक कारागार को अगली सुनवाई से पूर्व विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। शिकायत में आरोप लगाया है कि मृतक रंकित उर्फ रितिक को न्यायिक अभिरक्षा के दौरान लगातार शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि मृतक अवसाद से पीड़ित था, इसके बावजूद उसे समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय एवं मनोवैज्ञानिक उपचार उपलब्ध नहीं कराया गया तथा उसकी मानसिक स्थिति के अनुरूप आवश्यक निगरानी एवं सुरक्षा उपाय भी नहीं अपनाए गए। शिकायत में अनुरोध किया गया है कि यह जांच की जाए कि मृतक का उपचार कैसे किया था।

## चारधाम यात्रा की हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर ठगी, 3 पकड़े

**गुरुग्राम।** चारधाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर की बुकिंग के नाम पर श्रद्धालुओं को ठगने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस गिरोह को बैंक खाते उपलब्ध कराने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पांच मोबाइल, पांच पासबुक, 16 चेक बुक व 18 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान अजीत कुमार शाह निवासी बलिया, उत्तर प्रदेश, प्रदुम निवासी जिला आजमगढ़ तथा विनय निवासी जिला सुल्तानपुर के रूप में हुई है। प्रत्येक आरोपी ने अपने आधार कार्ड में पता बदलवाकर विभिन्न बैंकों में 10 से अधिक बैंक खाते खुलवा रखे थे। आरोपियों द्वारा इन बैंक खातों की चेक बुक, पासबुक, एटीएम कार्ड एवं अन्य बैंकिंग दस्तावेज साइबर ठगी करने वाले गिरोह को प्रति बैंक खाता 5 हजार रुपये कमीशन लेकर उपलब्ध कराए जाते थे। इन खातों व मोबाइल नंबरों का तीन शिकायतों में उल्लेख है। अब पुलिस अन्य की तलाश कर रही है।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## ट्यूशन से बचने को हत्या की, नाबालिग पर चलेगा वयस्क की तरह मुकदमा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा कि ट्यूशन क्लास से बचने के लिए हत्या के आरोप में गिरफ्तार 16 वर्षीय किशोर पर वयस्क के रूप में मुकदमा चलाया जाएगा। अदालत ने कहा कि यह देखा गया कि याचिकाकर्ता अपने शिक्षक पर दोष मढ़ने का प्रयास कर रहा था।

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के एक आदेश को बरकरार रखा है जिसमें निर्देश दिया गया है कि अपने ट्यूशन शिक्षक की सास की हत्या के आरोपी 16 वर्षीय किशोर पर वयस्क के रूप में मुकदमा चलाया जाए। न्यायमूर्ति जसजीत सिंह बेदी एक नाबालिग की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे जिसने निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसे वयस्क के रूप में मुकदमा चलाने का निर्देश दिया गया था।

बता दें कि फरीदाबाद में 5 अगस्त, 2025 को दर्ज एफआईआर के अनुसार, ट्यूशन टीचर ने आरोप लगाया कि उसके 16 वर्षीय स्टूडेंट ने उसकी सास पर उस समय हमला किया जब वह बाथरूम में थी। पीड़िता की बाद में चोटों के कारण मृत्यु हो गई। एफआईआर में कहा गया है कि लड़का उसी इमारत में रहने वाली महिला के घर पर ट्यूशन जाता था।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**विज्ञापन सं. 24/2026** **प्रकाशन की तिथि : 10.07.2026**

आयोग हरियाणा राज्य भण्डारण निगम में जिला प्रबंधक (ग्रुप-बी) के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।


**पदों का श्रेणीवार ब्रेक-अप निम्नानुसार है:**

| पद का नाम | सामान्य/ अनारक्षित | डीएससी | कुल |
|---|---|---|---|
| हरियाणा राज्य भण्डारण निगम में जिला प्रबंधक (ग्रुप-बी) | 01 | 01 | 02 |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 15.07.2026
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 04.08.2026 अप. 5:00 बजे तक
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 04.08.2026 अप. 5:00 बजे तक
अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक : 07.07.2026
हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला
संवाद-1156/13/386/2027/47010/88/6 दि. 09.07.26

## शब्द पहेली - 6282




**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 6281 का हल





## खबर संक्षेप

### सेना ने पुंछ में मिले पुराने गोले को निष्क्रिय किया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के अग्रिम क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक खेत में मिले मोर्टार के पुराने गोले को निष्क्रिय कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कुस्सालियन गांव में ग्रामीण मक्के की फसल की कटाई कर रहे थे, तभी उन्हें खेत में पुराना मोर्टार गोला दिखाई दिया।

### सेनाध्यक्ष ने पुंछ में अग्रिम क्षेत्रों का किया दौरा

**जम्मू।** थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में अग्रिम इलाकों का दौरा किया। उन्होंने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति, अभियानगत तैयारियों तथा सैनिकों की युद्ध तत्परता की समीक्षा की। अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। पदभार संभालने के बाद पुंछ के अग्रिम क्षेत्रों की उनकी यह पहली यात्रा है। सेनाध्यक्ष ने नगरोटा स्थित 'व्हाइट नाइट कॉर्प्स' मुख्यालय का दौरा किया।

### सोनम की जमानत फिलहाल बरकरार

**नई दिल्ली।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट व्यापारी राजा रघुवंशी की हनीमून के दौरान हुई हत्या के मामले मे आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत के खिलाफ दाखिल मेघालय सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट अब मंगलवार को सुनवाई करेगा। फिलहाल सोनम रघुवंशी की जमानत पर रिहाई बरकरार रहेगी।

### फर्जी बिलिंग: जालंधर की कंपनी का मालिक पकड़ा

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य कराधान विभाग ने जालंधर की एक कंपनी के मालिक को 55.35 करोड़ रुपये के फर्जी बिलिंग गिरोह में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। राज्य के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने जानकारी दी। चीमा ने बताया कि राज्य के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने पंजाब जीएसटी अधिनियम-2017 के प्रावधानों के तहत जालंधर स्थित एम/एस रैम्सन्स कॉर्पोरेशन के मालिक भूपेंद्र शर्मा को गिरफ्तार किया है। कंपनी बिना वास्तविक सामान की आपूर्ति के जीएसटी बिल जारी करके बड़े पैमाने पर फर्जी बिलिंग और 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' गिरोह में शामिल थी।

### शिवसेना पार्षद की दबंगई से डरे 2 डॉक्टरों का इस्तीफा

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में नगर निकाय की ओर से संचालित अस्पताल के उन दो चिकित्सकों ने इस्तीफा दे दिया है, जिनके साथ स्थानीय शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे और उनके साथियों ने कथित तौर पर मारपीट की थी। इस्तीफा देने वाले चिकित्सकों में एक महिला डॉक्टर शामिल हैं। सोशल मीडिया पर घटना का एक कथित वीडियो प्रसारित हुआ है, जिसमें म्हात्रे एक डॉक्टर को थप्पड़ और घूंसे मारते तथा उनके सिर पर रजिस्टर पटकते हुए नजर आ रहे हैं।

### सोने में 350 रुपये की गिरावट और चांदी 7,800 रुपये टूटी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत में लगातार चौथे दिन गिरावट देखी गई और यह 350 रुपये घटकर 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। मांग में सुस्ती का असर इस कीमती धातु पर पड़ा। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले सत्र में 1,48,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी गिरावट जारी रही। यह बुधवार के 2,39,800 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद भाव से 7,800 रुपये घटकर 2,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

### केंद्रीय मंत्री संजय के बेटे को जमानत मिली

**हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार के बेटे भागीरथ को सशर्त ज़मानत दे दी। उसे पोक्सो मामले में गिरफ्तार किया गया था। हाईकोर्ट ने 6 जुलाई को भागीरथ की जमानत याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने एक-एक लाख रुपए की 2 जमानत राशि जमा करने और जांच में सहयोग करने जैसी शर्तें रखीं।

# उप्र को सौगात, 13 से लोगों के लिए खुलेगा लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

■ राजनाथ सिंह गडकरी और सीएम योगी करेंगे मार्ग का लोकार्पण

उत्तर प्रदेश को जल्द सौगात मिलने वाली है। लखनऊ और कानपुर के बीच का सफर अब बेहद आसान होने जा रहा है। 63 किलोमीटर लंबा यह नया एक्सप्रेसवे पूरी तरह बनकर तैयार है, जिसका लोकार्पण आगामी सोमवार यानी 13 जुलाई को शाम 5 बजे किया जाएगा। इस भव्य उद्घाटन समारोह में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। इसको बनने में करीब 4,700 करोड़ की लागत से आई है।

### एक्सप्रेस की खासियत, फिलहाल छह लेन का बना

इस एक्सप्रेसवे में आधुनिक सुविधाएं हैं। देश में पहली बार किसी एक्सप्रेसवे पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए 10 बेड का ट्रॉमा सेंटर और शानदार रेस्तरां बनाया जा रहा है। जरगांव (किमी 51.600) और शिवपुर ग्रांट (किमी 60.300) के पास छह-छह हेक्टेयर जमीन पर वे-साइड एमेनिटीज विकसित की जा रही हैं। यहां यात्रियों को फूड प्लाजा, पेट्रोल पंप, ईवी चार्जिंग स्टेशन, गेमिंग जोन और सामुदायिक शौचालय जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। करीब 4,700 करोड़की लागत से बना यह 63 किमी लंबा कॉरिडोर लखनऊ और उन्नाव के 43 गांवों से होकर गुजरता है। फिलहाल यह एक्सप्रेसवे छह लेन का है, लेकिन भविष्य में बढ़ती ट्रैफिक जरूरतों को देखते हुए इसे आठ लेन तक चौड़ा करने की पर्याप्त जमीन दोनों तरफ पहले से सुरक्षित रखी गई है। यह मार्ग लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, रायबरेली, लालगंज के साथ-साथ आउटर रिंग रोड और आगरा एक्सप्रेसवे को भी जोड़ेगा।




# ट्रेन के फर्स्ट एसी कूपे को बना दिया 'हनीमून सुइट', टीटीई किया सस्पेंड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ अनोखे सफर का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

भारतीय रेलवे में एक अनोखी घटना सामने आई है। नवविवाहित जोड़े ने नंदीग्राम एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी कूपे को हनीमून सुइट जैसा सजा दिया। इसके चलते ऑन-ड्यूटी टीटीई को निलंबित कर दिया गया है। ट्रेन यात्रा को यादगार बनाने के लिए कपल ने 6 जुलाई 2026 को महाराष्ट्र के जालना स्टेशन पर नंदीग्राम एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी कूपे को लग्जरी होटल के 'हनीमून सुइट' में तब्दील कर दिया। इस अनोखे सफर का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

### गुलाब की पंखुड़ियों और गुब्बारों से सजाया केबिन




सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रेन के फर्स्ट एसी केबिन की दीवारों और बर्थ को लाल-सफेद गुब्बारों, ताजे फूलों और मोगरे की लड़ियों से सजाया गया है। केबिन की फर्श और सीटों पर लाल गुलाब की पंखुड़ियां बिछायी गईं थीं। इस दौरान ट्रेन के कूपे में जलती हुई मोमबत्तियां और दीये भी रखे गये थे, जिसने रेलवे सुरक्षा बल और अधिकारियों की नींद उड़ा दी।

### ट्रेन में सुरक्षा नियमों की उड़ीं धज्जियां

ट्रेन के अंदर ज्वलनशील वस्तुएं (जैसे मोमबत्तियां और दीये) ले जाना और उन्हें जलाना रेलवे सुरक्षा अधिनियम के तहत गंभीर और दंडनीय अपराध है। इससे आग लगने का बड़ा खतरा हो सकता था। इसके अलावा, चलती ट्रेन में सार्वजनिक संपत्ति के साथ इस तरह के निजी बदलाव पर भी सवाल उठे। मामले का संज्ञान लेते हुए मध्य रेलवे प्रशासन ने त्वरित जांच बैठाई और टीटीई के खिलाफ एक्शन लिया।

## 13 राज्यों की शिकायतों पर कार्रवाई, 50 करोड़ का लगाया चूना

# आगरा में 100 जगह छापे 60 साइबर ठग गिरफ्तार

### साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान

भाषा ▶▶| आगरा(उप्र)

देश के 13 राज्यों से प्राप्त शिकायतों के संबंध में पुलिस ने बृहस्पतिवार को आगरा में लगभग 100 स्थानों पर एक साथ छापेमारी करने के बाद एक बड़े साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का खुलासा करने का दावा किया। छापेमारी के दौरान 60 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) आदित्य ने कहा कि विभिन्न राज्यों से प्राप्त साइबर धोखाधड़ी से संबंधित 178 शिकायतों के बाद यह अभियान शुरू किया गया। शहर के 13 पुलिस थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की गई और 60 लोगों को हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि नेटवर्क ने कथित तौर पर ऑनलाइन गेमिंग धोखाधड़ी और एटीएम कार्ड स्वैपिंग के माध्यम से पीड़ितों से लगभग 50 करोड़ रुपये की ठगी की है। हिरासत में लिए लोगों से पूछताछ की जा रही है।



आगरा। छापा मारने वाली टीम के साथ डीसीपी पश्चिम आदित्य।

### लोगों को अपने जाल में फंसाते थे

कमिश्नरेट के तीनों जोन में एक साथ छापेमार कार्रवाई की गई। इस दौरान 60 आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपित दूसरों के नाम पर बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगी की रकम मंगाने के साथ ही लोगों को अपने जाल में फंसाते थे।

### दिल्ली में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

#### धोखाधड़ी के आरोप में छह को पकड़ा

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर छह जालसाजों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी खुद को बैंक अधिकारी बताकर क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने के नाम पर लोगों के साथ ठगी करते थे। आरोपियों की पहचान नितिन सोलंकी (25), ध्रुव (21), अनीश गुप्ता (20), सिमरन (24), इशिका (25) और बॉबी श्रेष्ठ (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि गिरोह दिल्ली के ख्याला में किराए के एक फ्लैट से संचालित हो रहा था तथा उत्तर पूर्वी दिल्ली के साइबर थाने की टीम ने एक शिकायत के बाद इसे गिरोह का भंडाफोड़ किया। उत्तर पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राहुल अलवल ने एक बयान में कहा कि करावल नगर के व्यक्ति ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई थी।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, आयकर विभाग के पूर्व कर्मी समेत तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों के साथ ठगी करने के आरोप में आयकर विभाग के एक पूर्व कर्मचारी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि आरोपियों ने कथित तौर पर खुद को अधिकारी बताया और प्रक्रिया को वास्तविक दिखाने के लिए सिविक सेंटर में आयकर विभाग परिसर के अंदर भर्ती संबंधी फर्जी प्रक्रियाएं पूरी कीं। इस तरह उन्होंने छह से सात लोगों से लगभग 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी की।

## उच्च न्यायालय ने सुनाया फैसला

# टीएमसी के फ्रीज 3 खातों के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त

भाषा ▶▶| कोलकाता

■ पार्टी के रोजाना खर्चों के लिए पैसे निकालने की दी अनुमति




कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस के उन तीन बैंक खातों से ममता बनर्जी नीत गुट के रोजमर्रा के खर्चों का प्रबंधन करने के लिए बृहस्पतिवार को एक विशेष अधिकारी नियुक्त किया, जिनसे वित्तीय लेन-देन पर रोक लगा दी गई थी। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सुब्रत तालुकदार को ममता खेमे के रोजमर्रा के खर्चों के प्रबंधन के लिए 30 सितंबर 2026 तक विशेष अधिकारी नियुक्त किया। तृणमूल विधायक ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी गुट के नेताओं ने 18 जून को बिधाननगर पुलिस आयुक्तालय के साइबर अपराध थाने में एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि एक निजी बैंक में तृणमूल कांग्रेस के तीन खातों में जमा राशि अपराध से अर्जित रकम है। शिकायतकर्ताओं ने संबंधित पुलिस अधिकारियों से मामले में कार्रवाई करने का अनुरोध किया था।

### आंध्रप्रदेश में कोरोना से 46 साल के मरीज की मौत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा में बुधवार को 46 साल के व्यक्ति की कोविड-19 से मौत हो गई। उसे पिछले महीने वेल्लोर के सीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसका कोविड टेस्ट पॉजिटिव आया था। 4 दिन इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। हेल्थ ऑफिसर ने बताया कि मरीज के फेफड़े खराब हो गए थे। मरीज को कंटेनमेंट जोन में रखा गया था। उसके संपर्क में आए लोगों की ट्रेसिंग भी की जा रही है। इलाके में सैनिटाइजेशन भी शुरू कर दिया गया है। कोरोना से मौत की खबर के बाद कडप्पा और तिरुपति जिलों में 5 और पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। मेडिकल एजुकेशन डायरेक्टर (डीएमई) ने राज्य के सरकारी अस्पतालों से आइसोलेशन बेड, आईसीयू बेड, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, दवाइयों, रैपिड टेस्ट किट, एंबुलेंस और मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता का ब्यौरा मांगा है।

## बंबीहा गैंग के शूटर का एनकाउंटर



मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी

अस्पताल पर चार गोलियां चलाई थी

**जालंधर (भाषा)।** जालंधर में पुलिस ने शहर के वरदान हॉस्पिटल पर फायरिंग करने वाले बंबीहा गैंग के शूटर को मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया। उसके पैर में गोली लगी है। वह गैंगस्टर लक्की पटियाल गैंग से जुड़ा था। जालंधर पुलिस कमिश्नर सतिंदर सिंह ने कहा कि हमारे पास स्पेशल इन्फॉर्मेशन थी, उसके तहत सीआईए स्टाफ ने नाका लगाया था। जब पुलिस टीम ने रुकने के इशारा किया तो वह बाइक भगाकर इस तरफ आ गया। आगे आकर इसकी बाइक स्लिप हो गई, जिसके बाद उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

### अवैध कब्जों पर सुको चिंतित निकायों को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बिना मंजूरी के हुए निर्माण और हाल में दिल्ली एवं लखनऊ में आग लगने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए नगर निकायों को फटकार लगाई। कोर्ट कहा कि उसके निर्देशों का पालन न करने पर शीर्ष अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। पीठ ने दिल्ली निगम और गुरुग्राम एवं लखनऊ के नगर निकायों के अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा।

# चन्नी गुट के दो नेता अब बघेल से मिलेंगे

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब कांग्रेस में बगावती तेवर दिखा रहे जालंधर सांसद चरणजीत चन्नी हाईकमान के किनारा करने के बाद झुक गए हैं। गुरदासपुर से सांसद सुखजिंदर रंधावा, कपूरथला से एमएलए राणा गुरजीत और जालंधर कैंट से एमएलए परगट सिंह के बोल बदल गए हैं।

चन्नी गुट के दो नेता कांग्रेस के पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल से मिलकर अपना पक्ष रखेंगे। इनमें सांसद रंधावा भी शामिल हैं। इन नेताओं का कहना है कि हमारी किसी से कोई नाराजगी नहीं है। सांसद रंधावा का कहना है कि पंजाब कांग्रेस एकजुट है। हम सब मिलकर इसे सुलझा लेंगे। राणा गुरजीत ने कहा कि कांग्रेस में 'ऑल इज वेल' है। परगट सिंह ने कहा कि कांग्रेस में किसी तरह का डेडलॉक नहीं है। बघेल 6 जुलाई को पंजाब में 5 दिन के दौरे पर आए थे। शुक्रवार को उनका आखिरी दिन है। इससे पहले ही चन्नी गुट के तेवर ढीले पड़ गए। इससे पहले चन्नी दिल्ली जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी या उनकी टीम से मिलना चाहते थे, लेकिन उन्हें टाइम नहीं मिला।

हाईकमान के आगे झुके बागी



# पंजाब में पूरे परिवार ने जहर खाया, पिता-बेटी की मौत



■ जांच में घरेलू लेन-देन विवाद की बात सामने आई

**पटियाला।** पटियाला में परिवार के 4 सदस्यों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद उनकी ताबियत बिगड़ गई। जिसके चलते सभी को राजिंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान पिता और बेटी की मौत हो गई, जबकि मां और बेटे का इलाज चल रहा है। मृतकों में पिता विकास बातिश (45), बेटी खुशी बातिश (13) शामिल हैं, जबकि मां तमन्ना बातिश (43) और बेटा कनव (11) की हालत गंभीर बनी हुई है। डीएसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घरेलू लेन-देन को लेकर विवाद की बात सामने आई है।

## शरद पवार के एनडीए में जाने की अटकलें, पार्टी ने किया खंडन



**मुम्बई (एजेंसी)।** एनसीपी प्रमुख शरद पवार की पार्टी के एनडीए में शामिल होने की राजनीतिक गलियारे में चर्चा है। हालांकि, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने इन सभी चर्चाओं को अफवाह बताया है। दरअसल पवार ने महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर 8 जुलाई को मुंबई में विधान भवन में हुई बैठक के बाद डिप्टी सीएम उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कमरे में अपनी पार्टी के विधायकों से मुलाकात की थी। इसके बाद से ही इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। बता दें, महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर राज्य सरकार की उच्चस्तरीय समिति की 8 जुलाई को हुई बैठक में शरद पवार 28 साल बाद शामिल हुए। बैठक के बाद उन्होंने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से उनके कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात की और वहीं अपनी पार्टी के विधायकों से भी मिले।

## शेयर बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 238 अंक चढ़ा



■ विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की खरीदारी

■ बाजार ने अंतिम घंटे में अपनी बढ़त गंवाई

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से पिछले कारोबारी सत्र में आई भारी गिरावट के बाद स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स तथा निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई सेंसेक्स 238.22 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,741.82 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 823.05 अंक चढ़कर 77,326.65 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 80.75 अंक बढ़कर 23,962.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 24,134.70 अंक के उच्च स्तर तक पहुंचा, लेकिन कारोबार के अंतिम घंटे में इसने अपनी कुछ बढ़त गंवा दी।विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच लगातार दूसरे दिन भी हमले होने से बाजार में सतर्कता का माहौल बना रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर सबसे अधिक 2.7 प्रतिशत और भारती एयरटेल का 2.15 प्रतिशत चढ़ा।

**स्वास्थ्य** मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने अध्ययन में किया दावा

# 'महामृत्युंजय मंत्र' जाप रक्तचाप, हृदयगति करता संतुलित

❑ मंत्र जाप से पहले, और बाद पांच मिनट के आराम के समय में शारीरिक मापदंड मापे

❑ समूह में आराम करने के बाद सांस लेने की दर में भी काफी कमी मिली

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

पांच मिनट तक 'शांति मंत्र' या 'महामृत्युंजय मंत्र' का जाप करने के बाद थोड़ी देर आराम करने से हृदय गति, रक्तचाप और हृदय पर पड़ने वाले भार को कम करने में मदद मिल सकती है। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) ने अपने एक अध्ययन में यह दावा किया है। यह अध्ययन इस माह 'इंटरनेशनल जर्नल ऑफ बायोलॉजिकल एंड मेडिकल रिसर्च' में प्रकाशित हुआ। इस अध्ययन में भाग लेने वालों में मंत्रोच्चार करते समय हृदय रक्त परिसंचरण गतिविधि कुछ समय के लिए बढ़ गई तथा उसके उपरांत पांच मिनट के विश्राम के पश्चात वे अपने आप में बहुत हल्का महसूस करने लगे।

### रेट प्रेशर प्रोडक्ट में काफी कमी आई

शोधकर्ताओं ने पाया कि शांति मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के जाप के बाद हृदयगति, रक्तचाप, 'रेट प्रेशर प्रोडक्ट' (आरपीपी) और डबल प्रोडक्ट (डीओपी) में काफी कमी आई जो दिल पर काम के बोझ (कार्डियक वर्कलोड) को दिखाता है। आरपीपी दिल की ऑक्सीजन की जरूरत को बताता है। महामृत्युंजय मंत्र का जाप करने वाले समूह में आराम करने के बाद सांस लेने की दर में भी काफी कमी देखी गई, जबकि ऑक्सीजन संतृप्तता, 'पल्स प्रेशर' या औसत रक्तचाप में कोई खास बदलाव नहीं देखा गया। शोधकर्ताओं का कहना है कि निष्कर्ष बताते हैं कि मंत्रों का जाप करने से 'पैरासिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम' (शरीर की 'आराम और पाचन' संबंधी प्रतिक्रिया) सक्रिय हो सकता है। इसके परिणामस्वरूप शरीर के स्वायत्त तंत्र में बेहतर संतुलन आ सकता है और हृदय एवं रक्त संचार तंत्र को आराम देने में मदद मिल सकती है।



### पांच मिनट तक किया जाप

'शांति मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के जाप का शारीरिक क्रियाओं पर तत्काल प्रभाव' नामक यह अध्ययन एमडीएनआईवाई की सहायक प्रोफेसर (योग शिक्षा) डॉ. इंदु शर्मा, एमडीएनआईवाई के सहायक प्रोफेसर (मानव शरीर विज्ञान) डॉ. रामेश्वर पाल और एमडीएनआईवाई के पूर्व विद्यार्थियों- लैसी और तन्वांगी ने मिलकर किया था। शोधकर्ताओं ने योग के 30 स्वस्थ अंत:स्नातक और स्नातोकोत्तर विद्यार्थियों का आकलन किया, जिन्होंने पांच मिनट तक शांति मंत्र या महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया। मंत्र जाप से पहले, जाप के दौरान और जाप के बाद पांच मिनट के आराम के समय में शारीरिक मापदंडों को मापा गया। शर्मा ने कहा, "हमारे अध्ययन से पता चलता है कि शांति मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र का कुछ मिनट तक जाप करने के बाद, खासकर जाप के बाद थोड़ी देर आराम करने पर, शरीर में बदलाव देखे जा सकते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**'अंबाला मंडल में स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु फैसिलिटेटर्स की नियुक्ति के लिए विज्ञापन सूचना'**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तरी रेलवे, अम्बाला. भारत के राष्ट्रपति की ओर से, आम जनता व Retired Railway Employee से सीलबंद आवेदन आमंत्रित करते हैं. ताकि अम्बाला मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु फैसिलिटेटरों की नियुक्ति की जा सके। यह अनुबंध वास्तविक कार्यारंभ की तिथि से प्रभावी होगा तथा एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य रहेगा. जिसे अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। अंबाला मंडल में ATVM के स्थानों की सूची निम्नानुसार है :-

| क्र सं. | स्टेशन का नाम | स्टेशन कोड | स्थापित ATVM की संख्या | नियुक्त किए जाने वाले फैसिलिटेटर्स की संख्या | स्टेशन श्रेणी | आम जनता के लिए सुरक्षा जमा राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अम्बाला कैंट | UMB | 2 | 04 | NSG-2 | 50,000/- |
| 2 | चंडीगढ़ | CDG | 2 | 04 | NSG-2 | |
| 3 | सहारनपुर | SRE | 3 | 06 | NSG-3 | |
| 4 | यमुनानगर जगाधरी | YJUD | 1 | 02 | NSG-3 | |
| 5 | बराड़ा | RAA | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 6 | अम्बाला सिटी | UBC | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 7 | राजपुरा | RPJ | 1 | 02 | NSG-4 | |
| 8 | सरहिंद | SIR | 1 | 03 | NSG-4 | |
| 9 | खन्ना | KNN | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 10 | कालका | KLK | 1 | 03 | NSG-3 | |
| 11 | पटियाला | PTA | 1 | 02 | NSG-4 | |
| 12 | नाभा | NBA | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 13 | धूरी | DUI | 1 | 02 | NSG-5 | 25,000/- |
| 14 | बरनाला | BNN | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 15 | मलेरकोटला | MET | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 16 | रूपनगर | RPAR | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 17 | आनंदपुर साहिब | ANSB | 1 | 03 | NSG-5 | |
| 18 | नंगल डैम | NLDM | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 19 | रामपुरा फूल | PUL | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 20 | अबोहर | ABS | 1 | 03 | NSG-4 | |
| 21 | गिद्दड़बाहा | GDB | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 22 | मलोट | MOT | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 23 | संगरूर | SAG | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 24 | सुनाम उधम सिंह वाला | SFMU | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 25 | ऊना हिमाचल | UHL | 1 | 01 | NSG-4 | |
| 26 | अम्ब अंदौरा | AADR | 1 | 02 | NSG-4 | |
| 27 | शिमला | SML | 1 | 02 | NSG-5 | |
| 28 | गोविन्दगढ़ | GVG | 1 | 02 | NSG-5 | |

| क्र सं. | कार्य का विवरण | अनुबंध अवधि | निविदा प्रपत्र की लागत | निविदा जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्य की प्रकृति: अंबाला मंडल के 28 स्टेशनों पर स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु फैसिलिटेटर्स को आवंटन के आधार पर नियुक्त करने के लिए निविदा। | एक वर्ष के लिए मान्य, अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। | नि:शुल्क | 10.08.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 14:00 बजे तक |

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| | |
|---|---|
| निविदा जारी होने की तिथि: | 09.07.2026 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय: | 10.08.2026 (10:00 बजे से 14:00 बजे तक) |
| निविदा बॉक्स बंद होने की तिथि एवं समय: | 10.08.2026 को 15:00 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय: | 10.08.2026 को 15:30 बजे |

| | |
|---|---|
| कार्यालय का पता एवं निविदा दस्तावेज़ उपलब्धता | आवेदन पत्र (नियम एवं शर्तों सहित) उत्तरी रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है तथा इसे 09.07.2026 को 13:00 बजे से डाउनलोड किया जा सकता है। |

**No. NR-UMBOCOML/1/2025(284713) Date:09.07.2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2364/26

## चिंतन

# ऑस्ट्रेलिया से 'नाभिकीय' समझौता लाएगा बदलाव

क्वाड पर अमेरिका के ठंडे रुख के बाद भारत ने अपने स्तर पर क्वाड के अन्य प्रमुख साझेदार देशों जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ संबंधों को नई गति देने की रणनीति अपनाई है। क्वाड चार प्रमुख लोकतांत्रिक देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान का रणनीतिक समूह है, जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत करना है। बदलते वैश्विक समीकरणों और बढ़ती भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत अब अपने द्विपक्षीय संबंधों को अधिक मजबूत और व्यावहारिक आधार देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में पहले जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने भारत का दौरा किया, जहां दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इससे स्पष्ट है कि भारत अपने भरोसेमंद साझेदार देशों के साथ दीर्घकालिक रणनीतिक और आर्थिक सहयोग को प्राथमिकता दे रहा है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच यूरेनियम आपूर्ति से जुड़ा बहुप्रतीक्षित असैन्य परमाणु समझौता हुआ है। माना जा रहा है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह 'नाभिकीय' समझौता ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लेकर आएगा। इसके साथ ही रक्षा, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ खनिज, साइबर सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला, अंतरिक्ष सहयोग और निवेश सहित लगभग 18 महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया है। डिफेंस इनोवेशन कॉरिडोर, मैरीटाइम सिक्योरिटी रोडमैप और यूरेनियम सप्लाई एग्रीमेंट जैसे समझौते दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती देंगे। ये समझौते केवल द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार नहीं हैं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बदलते सामरिक समीकरणों का भी स्पष्ट संकेत हैं। बढ़ती साझेदारी यह दर्शाती है कि दोनों लोकतांत्रिक देश अब केवल व्यापारिक साझेदार नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोगी बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस परमाणु समझौते के बाद भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम की व्यावसायिक आपूर्ति का मार्ग खुल जाएगा। दोनों देशों ने क्रिटिकल मिनरल्स कॉरिडोर विकसित करने का भी निर्णय लिया है। इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, सेमीकंडक्टर, रक्षा उपकरण और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उद्योगों के लिए आवश्यक लिथियम, कोबाल्ट तथा अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता भविष्य की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में निर्णायक भूमिका निभाएगी। अंतरिक्ष क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ेगा। ऑस्ट्रेलिया के कोकोस (कीलिंग) द्वीप पर स्पेस ट्रैकिंग टर्मिनल स्थापित किए जाने से भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन सहित अन्य अंतरिक्ष अभियानों को तकनीकी सहायता मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत की तीन बहुमूल्य धार्मिक एवं ऐतिहासिक कलाकृतियां लौटाने की घोषणा की है। इनमें देवी भद्रकाली की आकृति वाला धातु का त्रिशूल, भगवान शिव के वाहन नंदी की पत्थर की प्रतिमा तथा छह मुख वाले भगवान कार्तिकेय की दुर्लभ प्रतिमा शामिल हैं। इनकी स्वदेश वापसी दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास और सांस्कृतिक सहयोग का भी प्रतीक है। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री की यह यात्रा संकेत देती है कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता, तकनीकी प्रगति और आर्थिक हितों को मजबूत करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाने को तैयार है। भारत रक्षा समेत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया के साथ हुआ यह 'नाभिकीय' समझौता इसी नई सोच और दूरदर्शी रणनीति का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

# आतंक व बातचीत साथ नहीं चल सकते



मुद्दा
डॉ. आशीष वशिष्ठ

**भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध मई 2025 के बाद से काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 20 से ज्यादा पर्यटकों को पाकिस्तानी आतंकियों ने मारा था। इसके बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच गोलीबारी और ड्रोन हमलों का सिलसिला चला। इस घटना के बाद से दोनों देशों के बीच सरकारी स्तर पर कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। व्यापार लगभग बंद है, दूतावास कमजोर स्तर पर चल रहे हैं और लोगों के बीच संपर्क भी बेहद सीमित है। भारत हमेशा बातचीत का पक्षधर रहा है, लेकिन पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का ठोस संकल्प नहीं दिखाता, तब तक किसी भी वार्ता का कोई अर्थ नहीं है।**

भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर संबंध बनाने की उम्मीद से दोनों देश के प्रधानमंत्रियों को जानी-मानी 117 हस्तियों ने मिलकर पत्र लिखा है। पत्र लिखने वालों में 61 लोग भारत से और 56 पाकिस्तान से हैं। पत्र में मांग की गई है कि अब संबंधों को सामान्य किया जाए और तल्खियां घटाई जाएं। ये पहल सेंटर फॉर पीस एंड प्रोग्रेस के अध्यक्ष ओपी शाह की तरफ से की गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध मई 2025 के बाद से काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 20 से ज्यादा पर्यटकों को पाकिस्तानी आतंकियों ने मारा था। इसके बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच गोलीबारी और ड्रोन हमलों का सिलसिला चला। इस घटना के बाद से दोनों देशों के बीच सरकारी स्तर पर कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। व्यापार लगभग बंद है, दूतावास कमजोर स्तर पर चल रहे हैं और लोगों के बीच संपर्क भी बेहद सीमित है। भारत का स्पष्ट रुख रहा है कि जब तक पाकिस्तान से आतंकवाद पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक कोई वार्ता संभव नहीं है। इस पत्र को लेकर अब प्रश्न भी उठ रहे हैं। अहम सवाल यह है कि भारत पाकिस्तान के साथ बातचीत क्यों करे? राजनयिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, व्यावसायिक संबंध क्यों पुनः स्थापित किए जाएं? आतंकियों को पालने-पोसने वाले देश को कड़ा सबक सिखाना चाहिए अथवा संवाद के माध्यम से प्रेम का प्रदर्शन करना चाहिए? जो 117 चेहरे आज पाकिस्तान के पक्षकार बने हैं, क्या वे भूल गए कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी जारी है? क्या वे पहलगाम का नरसंहार भूल गए? क्या पुलवामा में 40 'शहीदों' का बलिदान भूल गए? क्या उरी से लेकर 26/11 मुंबई आतंकी हमले तक पाक परस्त शैतानों और हत्यारों के षड्यंत्र भी भूल गए? पत्र लिखने वालों में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के अलावा, पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर और सैफुद्दीन सोज भी शामिल हैं। मणिशंकर ने सलमान खुर्शीद के साथ पाकिस्तान जाकर आर्त पुकार की थी कि मोदी सरकार हटाने में सहायता करें। यह नवंबर, 2015 का प्रसंग है। दोनों कथित कांग्रेस नेताओं का कहना था कि मोदी को हटाए बिना भारत-पाक संबंध बेहतर नहीं हो सकते। अब समर्थकों की सूची में शामिल हैं, तो वह बिल्कुल निरर्थक है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती का पाकिस्तान प्रेम जगजाहिर है। इनके बयानों से ऐसा अहसास होता है मानो पाकिस्तान सरकार का कोई प्रवक्ता बोल रहा है। भारत की गुप्तचर एजेंसी रॉ के प्रमुख रहे एएस दुलत भी सूची में हैं, जो पाकिस्तान की आत्मा तक से परिचित हैं और कई आतंकी हमलों के साक्षी रहे हैं। ओपी शाह, मनोज झा, जवाहर सरकार आदि कितने बड़े कूटनीतिज्ञ हैं, यह हम नहीं जानते, लेकिन सूची में जो 61 नाम भारतीयों के हैं, वे विश्वासपूर्वक प्रधानमंत्री मोदी के कट्टर विरोधी हैं और पाकिस्तान के अनुयायी चेहरे हैं। आज उन्हें कौन पूछता है? क्या प्रासंगिकता है इनकी? क्या इनमें से किसी ने भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि आतंकी सांपों को पालना बंद करें? आतंक के अड्डे समाप्त किए जाएं। सरकार और फौज आतंकियों की आर्थिक मदद करना और उन्हें



'जेहादी समर्थन' देना भी बंद करें। पत्र लिखने वालों की मंशा क्या है, यह वे स्वयं बेहतर जानते हैं। पत्र लिखने वालों में से किसी ने आतंकवाद में अपने किसी परिजन को खोया है? यह पीड़ा, हत्या, दर्द, खालीपन, सूने आंगन, उजड़े सिंदूर को कैसे और कौन भूल सकता है? और फिर क्या गारंटी है कि संवाद और संबंधों की पुनर्स्थापना के बाद सीमा पर तनाव कम हो जाएगा? सीमा पार से आतंकी भेजे नहीं जाएंगे? वैश्विक मंचों पर, कश्मीर की आड़ में, भारत-विरोधी दुष्प्रचार थम जाएंगे? पत्र से जुड़े लोग इससे भी भलीभांति परिचित होंगे कि पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान का केंद्र हमेशा से सेना रही है और वर्तमान सेना प्रमुख तो इतने शक्तिशाली बना दिए गए हैं कि उन्हें फील्ड मार्शल की पदवी प्राप्त हो चुकी है। वास्तव में, आतंकवाद की चर्चा जब भी होती है, तो ये समर्थक हकलाने लगते हैं या अशिष्ट भाषा का प्रयोग करते हैं। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो आजकल 'एटमी युद्ध' की धमकी दे रहे हैं। पाकिस्तान के कथित उप प्रधान मंत्री इशाक डार सिंधु नदी का पानी रोकना युद्ध की कार्रवाई मानते हैं। क्या 'ऑपरेशन सिंदूर' के हमले भूल गया है पाकिस्तान, जिनमें उसके 11 एयरबेस को मिट्टी-मलबा कर दिया गया था? ऐसे आतंकी, धमकीबाज मंत्रियों की सरकार से भारत बात क्यों करेगा? पाकिस्तान में सार्वजनिक कार्यक्रमों, जनाजों और सरकारी आयोजनों में आतंकवादियों का खुलकर घूमना आम बात है। जिन लोगों पर संयुक्त राष्ट्र में आतंकवादी होने का आरोप है, वे पाकिस्तान में खुलेआम दिखाई देते हैं। ऐसे देश के साथ बैठकर बातचीत कैसे की जाए और भरोसा कैसे किया जाए? पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले चेहरे यह भूल गए हैं कि पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकियों ने हमारे 40,000 से अधिक बेगुनाह लोगों की हत्याएं की हैं? मठ-मंदिर ध्वस्त किए हैं? महिलाओं का सतीत्व लूटा है? पाकिस्तान में कौन लोग हैं, जो आपसी संबंध मधुर और श्रेष्ठ बनाना चाहते हैं? पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है कि एक तरफ बातचीत की मेज पर बैठना और दूसरी तरफ आतंकी हमले करवाना। शिमला समझौते के करीब 25 साल बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लाहौर का दौरा किया। पाकिस्तानी जनता को यह भरोसा दिलाने के लिए वे मीनार-ए-पाकिस्तान भी गए कि त्रासद विभाजन के बावजूद भारत पाकिस्तान की संप्रभुता को पूरी तरह स्वीकार करता है। उन्होंने वहां विजिटर्स बुक में यह भी लिखा कि एक स्थिर और समृद्ध पाकिस्तान भारत के हित में है।

वाजपेयी की इस राजनयिक पहल का जवाब पाक ने कारगिल युद्ध छेड़कर दिया और शांतिपूर्ण संबंधों की प्रक्रिया पटरी से उतर गई।अटलजी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को अपनी भली मंशा के संकेत देने के लिए दिसंबर 2015 में काबुल से भारत लौटते समय लाहौर का दौरा किया और उस समय प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ से मिले। दस दिन बाद पाकिस्तान ने पठानकोट हमले को अंजाम दिया। पत्र लिखने वाले भारतीयों को इतना तो याद रखना चाहिए कि उरी हमले के बाद भारत का दृष्टिकोण एकदम स्पष्ट रहा कि बातचीत और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कूटनीतिक कदम उठाए हैं। इसमें सिंधु जल संधि को रोकना भी शामिल है। राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय कानून के दृष्टिकोण से यह पूरी तरह सही भी है। इस कसौटी को अनदेखा करते हुए भारतीय हस्ताक्षरकर्ताओं ने एक ऐसे पत्र पर स्वाक्षर किए हैं, जिसमें आतंकवाद का उल्लेख भी नहीं है। भारत हमेशा बातचीत का पक्षधर रहा है, लेकिन पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का ठोस संकल्प नहीं दिखाता, तब तक किसी भी वार्ता का कोई अर्थ नहीं है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जल संरक्षण
बाल मुकुन्द ओझा



# आज पानी बचाएंगे तो भविष्य होगा सुरक्षित

देश में हर साल मानसून आता है और सर्वत्र बारिश होती है, इसके बावजूद लोग पानी के लिए तरस जाते हैं। इसका एक मुख्य कारण है हम वर्षा जल का संचयन नहीं कर पाते। मौसम विभाग की मानें तो मानसून भारत में प्रवेश कर चुका है। मानसून अपने साथ अपार खुशियां लेकर आता है। लोगों को पीने के लिए जहां पानी मिलता है, वहीं किसान अपने खेतों में बुवाई शुरू कर देते हैं। बारिश से कई जगह बाढ़ की हालत भी हो गई है। वर्षा जल की एक-एक बूंद अनमोल है। जल है तो जीवन है। इसका संचय, संरक्षण से ही मानव जीवन की रक्षा संभव है। जल की अनावश्यक बर्बादी नहीं होने दें। जल संरक्षण के लिए सभी को जागरूक होना होगा और सामूहिक प्रयास करना होगा। इससे जल संरक्षण की दिशा में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। देश में जल संसाधन सीमित और दुर्लभ हैं। पानी घट रहा है और साल 2050 तक यह कमी एक बड़ा संकट बन सकती है। ऐसे में हमें वर्षा जल संचयन जैसे जल संरक्षण के स्थायी तरीकों को अपनाना चाहिए। देशभर में मानसूनी बारिश का दौर जारी है। राजधानी दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई। भूस्खलन एवं वर्षा के बाद विभिन्न घटनाओं में अनेक लोगों की मौत हो गई। हर साल की तरह इस साल भी देश में मानसून की एंट्री के साथ ही बाढ़ की तबाही भी शुरू हो गई है। वर्षा के जल को किसी खास माध्यम से संचय करने या इकट्ठा करने की प्रक्रिया को वर्षा जल संचयन कहा जाता है। विश्व भर में पेयजल की कमी एक संकट बनती जा रही है। इसका कारण पृथ्वी के जलस्तर का लगातार नीचे जाना भी है। इसके लिए अधिशेष मानसून अपवाह जो बहकर सागर में मिल जाता है, उसका संचयन और पुनर्भरण किया जाना आवश्यक है ताकि भूजल संसाधनों का संवर्धन हो पाए। अकेले भारत में ही व्यवहार्य भूजल भण्डारण का आकलन 214 बिलियन घन मी. (बीसीएम) के रूप में किया गया है, जिसमें से 160 बीसीएम की पुनः प्राप्ति हो सकती है। इस समस्या का एक समाधान जल संचयन है। यहां सवाल यह उत्पन्न होता है कि भारी मात्रा में मानसूनी जल उपलब्ध होने के बावजूद हम जल संकट का सामना क्यों कर कर रहे हैं। इसका जवाब है कि हमने अपने परंरागत जल स्त्रोत समाप्त कर दिए। भारत को कुए, बावड़ी और तालाबों का देश कहा जाता है। यहां नदियां हर समय पानी से लबालब भरी होती थी। इसके बावजूद हम जल समस्या का सामना कर रहे हैं। यह समस्या हर साल गहराती जा रही है। खेत तो दूर की बात, पीने को भी पानी नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि भारत सरकार ने जल शक्ति मंत्रालय का गठन कर जल संचयन का बीड़ा उठाया है। हमारे देश में हर साल मानसून में बहुत सा पानी व्यर्थ बह जाता है, जिसके संचयन की कारगर व्यवस्था अब तक नहीं खोजी जा सकी है। साल भर में होने वाली बारिश का कम से कम 31 प्रतिशत पानी धरती के भीतर रिचार्ज के लिए जाना चाहिए। जबकि केवल 13 प्रतिशत पानी ही धरती में समाता है। रिचार्ज नहीं होने की वजह से भूगर्भ में पानी की कमी हो जाती है और उसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष देश में औसत बारिश हो सकती है। इस बारिश का संचय कर पेयजल संकट से निपटने के साथ खेतों में बंपर पैदावार हासिल की जा सकती है। देश इस समय भीषण जल संकट से गुजर रहा है और इस आसन्न संकट पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो हालत बदतर होने की सम्भावना है। भारत अब तक के सबसे बड़े जल संकट से जूझ रहा है। करीब 60 करोड़ लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। करीब 75 प्रतिशत घरों में पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। साथ ही, देश में करीब 70 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं है। साफ और सुरक्षित पानी नहीं मिलने की वजह से हर साल करीब दो लाख लोगों की मौत होती है। पृथ्वी पर कुल जल का अढ़ाई प्रतिशत भाग ही पीने के योग्य है। इनमें से 89 प्रतिशत पानी कृषि कार्यों एवं 6 प्रतिशत पानी उद्योग कार्यों पर खर्च हो जाता है। शेष 5 प्रतिशत पानी ही पेयजल पर खर्च होता है। यही जल हमारी जिन्दगानी को संवारता है। अगर बरसात के बाद नदी-नालों से बहने वाले पानी का प्रभावी तरीके से संग्रहण किया जाए तो पानी कई गुना और ज्यादा मिलने लगेगा। वैश्विक संस्थाओं की लगातार चेतावनियों का लगता है लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा है। विभिन्न संगठनों की पानी सम्बन्धी रिपोर्टों में साफ कहा गया है कि भूगर्भ में अब पानी नहीं रहा है और वर्षांत का पानी सहेजने में हम नकारा साबित हुए हैं। विशेषकर भारत में पानी के प्रति घोर लापरवाही का परिणाम आम आदमी को शीघ्र भुगतना होगा। दुनियाभर में 200 करोड़ से ज्यादा लोग साफ पानी और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# छोटे-छोटे संकल्प हमारा आत्मविश्वास बढ़ाते हैं



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है, उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे, उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है, वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का।

# गुरु की बात को गिरधर भी नहीं टाल सकते



संकलित
प्रेरणा

वृंदावन में एक संत के पास कुछ शिष्य रहते थे। उनमें से एक शिष्य मंद बुद्धि का था। एक बार गुरु देव ने सभी शिष्यों को अपने करीब बुलाया और सब को एक मास के लिए ब्रज में अलग-अलग स्थान पर रहने की आज्ञा दी और उस मंद बुद्धि को बरसाने जाकर रहने को कहा। मंद बुद्धि ने बाबा से पूछा बाबा मेरे रहने खाने की व्यवस्था वहां कौन करेगा। बाबा ने हंस कर कह दिया राधा रानी, कुछ दिनों बाद एक-एक करके सब बालक लौट आए पर वो मंद बुद्धि बालक नहीं आया। बाबा को चिंता हुई कि दो मास हो गए मंद बुद्धि बालक नहीं आया, जाकर देखना चाहिए। बाबा अपने शिष्य की सुध लेने बरसाने आ गए। बाबा ने देखा कि एक सुन्दर कुटिया के बाहर एक सुन्दर बालक बहुत सुन्दर भजन कर रहा है, बाबा ने सोचा क्यों ना इन्ही से पूछा जाए। बाबा जैसे ही उनके करीब गए वो उठ कर बाबा के चरणों में गिर गया और बोला आप आ गए गुरु देव! बाबा ने पूछा ये सब कैसे, तू ठीक कैसे हो गया? शिष्य बोला- बाबा आपके ही कहने से किशोरी जी ने मेरे रहने खाने पीने की व्यवस्था की और मुझे ठीक कर भजन करना भी सिखाया। बाबा अपने शिष्य पर बरसती किशोरी जी की कृपा को देख खूब प्रसन्न हुए और मन ही मन सोचने लगे कि मेरे कारण मेरी किशोरी जी को कितना कष्ट हुआ। उन्होंने मेरे शब्दो का मान रखते हुए मेरे शिष्य पर अपनी सारी कृपा उड़ेल दी। इसलिए कहते हैं कि गुरु की बात को गिरधर भी नहीं टाल सकते।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जागो, नहीं तो गर्मी से जल जाएगा संसार

आजकल दुनिया के कुछ देशों में कुदरत का प्रकोप झुलसाने वाली गर्मी के रूप में बरप रहा है। यूरोप में जर्मनी और अन्य देशों में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया, शायद यहां जून और जुलाई महीनों में तापमान 30 डिग्री से कम रहता है। ऐसे ही गर्मी और भी कई देशों में अपने रिकॉर्ड तोड़ रही है। अमरीका और अन्य कुछ देशों में तो भयंकर गर्मी कुछ लोगों की जान की दुश्मन भी बन गई। अगर हम अपने देश भारत की बात करें तो यहां भी गर्मी अपने रिकॉर्ड तोड़ रही है। हमारे देश में आजकल मानसून का समय है, देश के कुछ राज्यों में इस बार मानसून में अब तक बहुत कम बारिश हो रही है। इन राज्यों में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। धरती पर बढ़ता तापमान सारी दुनिया के लिए बड़ी चिंता का विषय है। – *मंजू यादव, हिसार*

## ट्रेंड

### 'ग्रीन ड्राइव' पोर्टल



दिल्ली सरकार ने पेड़ लगाने के लिए 'ग्रीन ड्राइव' पोर्टल शुरू किया है, जिसके ज़रिए मुफ़्त पौधे मिलेंगे। जहाँ भी ज़मीन उपलब्ध हो, लोगों को पेड़ लगाने चाहिए और 'ग्रीन दिल्ली' के संकल्प को पूरा करना चाहिए।
**- अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### खेती-बाड़ी व्यवस्था



युवाओं को खेती को नए नज़रिए से देखने की ज़रूरत है। अपनी इनोवेशन, स्किल्स और एंटरप्रेन्योरशिप के ज़रिए वे एक ऐसी खेती-बाड़ी व्यवस्था बनाने में योगदान दे सकते हैं जो आधुनिक, आत्मनिर्भर, स्मार्ट, प्रकृति-अनुकूल और टिकाऊ हो।
**-राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### ऊर्जा सुरक्षा



भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वच्छ ऊर्जा के मामले में नए मानक स्थापित कर रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यूरेनियम की आपूर्ति को लेकर हुआ यह महत्वपूर्ण समझौता देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा।
**- सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

### विरोध दबाने की कोशिश



सरकार इथेनॉल के मामले में दूसरे देशों के उदाहरण देकर लोगों के विरोध को दबाने की कोशिश कर रही है। सच तो यह है कि जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका में ई10 से ज्यादा ग्रेड वाले ईंधन का इस्तेमाल भी नहीं हो रहा है। जापान में अभी सिर्फ़ ई3 का इस्तेमाल हो रहा है।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# मेक्सिको के गांव में मादक पदार्थ तस्करों के ड्रोन हमले


मेक्सिको के एक गांव में मादक पदार्थ तस्करों के गिरोह ने बुधवार सुबह छह बजे ड्रोन से हमले किए। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी दी। गुआजेस डी अयाला नामक गांव के ग्रामीणों को कई हफ्तों से 'ला नुएवा फमिलिया मिचोआकाना' नाम के मादक पदार्थ तस्कर गिरोह से चेतावनी मिल रही थी। हालांकि उनकी मदद की गुहार पर किसी ने ध्यान नहीं दिया क्योंकि उस समय मेक्सिको सिटी, ग्वाडलहारा और मॉन्टेरी जैसे बड़े शहरों में फुटबॉल विश्वकप आयोजन को लेकर जश्न का माहौल था। मारिलु सोलोरियो नाम की 24 वर्षीय प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मादक पदार्थ गिरोह के तस्करों और समुदाय के सतर्कता विभाग के बीच गोलीबारी शुरू होने के बाद 70 अन्य महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने पास के एक बंद पड़े मेडिकल क्लिनिक में शरण लिया। अपने आश्रय स्थल से सोलोरियो ने फोन पर हुई बातचीत में फुटबॉल टूर्नामेंट का जिक्र करते हुए कहा, 'एक तरफ कुछ लोग फुटबॉल के गोल का जश्न मना रहे हैं, तो दूसरी तरफ बम ले जा रहे ड्रोन लोगों की जान ले रहे हैं। जिन जगहों पर विश्व कप खेला जा रहा है वहां के लोगों की सुरक्षा करने के बजाय (मेक्सिको की सरकार को) हम जैसे लोगों की सुरक्षा करनी चाहिए जिन्होंने कभी कुछ गलत नहीं किया।'



## ऑफ बीट

# फिटनेस ट्रैकिंग के छिपे खतरे विशेषज्ञों ने किया सावधान

मोबाइल ऐप, स्मार्टवॉच और अन्य पहनने योग्य फिटनेस उपकरणों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ये उपकरण लोगों को अधिक सक्रिय जीवनशैली अपनाने में मदद करते हैं, लेकिन इन पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह भी हो सकती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, फिटनेस ट्रैकर केवल शारीरिक गतिविधियों का रिकॉर्ड नहीं रखते, बल्कि लक्ष्य, अलर्ट, बैज, 'स्ट्रीक' और स्वचालित फीडबैक के जरिए लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। जहां ये कुछ लोगों को अधिक सक्रिय बनने के लिए प्रेरित करते हैं, वहीं कई लोगों में चिंता, अपराधबोध, तनाव और खान-पान संबंधी अस्वास्थ्यकर व्यवहार भी देखने को मिला है। पिछले एक दशक से इस विषय पर शोध कर रहे विशेषज्ञ ने फिटनेस ट्रैकिंग से जुड़े पांच प्रमुख जोखिमों की पहचान की है। विशेषज्ञ के अनुसार, पहला खतरा प्रतिदिन 10,000 कदम चलने के लक्ष्य को लेकर है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य 1960 के दशक में जापान में एक पेडोमीटर के प्रचार अभियान से जुड़ा था और इसे सभी लोगों के लिए वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित मानक नहीं माना जाता। कई शोध बताते हैं कि अधिकतर वयस्कों के लिए लगभग 7,000 कदम भी पर्याप्त और अधिक व्यावहारिक हो सकते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# यूरोप का दबदबा, 6 टीम अंतिम 8 में, पहली बार ब्राजील-जर्मनी बाहर

पहली बार 48 टीम की भागीदारी में हो रहे विश्व कप में अब आखिरी आठ टीम बची हैं जो 19 जुलाई को फाइनल तक पहुंचने के लिये जोर आजमाइश करेंगी लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है जब क्वार्टर फाइनल में ब्राजील और जर्मनी दोनों नहीं हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सत्रह में से दस विश्व कप में ब्राजील और जर्मनी दोनों क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं। जर्मनी 1938, 1950, 2018 और 2022 में अंतिम आठ में नहीं था जबकि ब्राजील 1934, 1966 और 1990 में नहीं पहुंच सका था लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि दोनों दिग्गज एक साथ अंतिम आठ से गायब हों।

ब्राजील को अंतिम 16 के दौर में नॉर्वे ने और जर्मनी को अंतिम 32 में पराग्वे ने हराया। विश्व कप 1930, 1950, 1974, 1978 और 1982 में क्वार्टर फाइनल नहीं हुए थे ।




## आठ में से चार टीम ने नहीं जीता है खिताब

इस विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली आठ टीम में से चार पहले भी खिताब जीत चुकी हैं जिनमें अर्जेंटीना ने तीन, फ्रांस ने दो, इंग्लैंड और स्पेन ने एक एक बार ट्रॉफी अपने नाम की है। बेल्जियम और मोरक्को कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं गए। वहीं स्विटजरलैंड 1954 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और नॉर्वे इससे पहले अंतिम 16 से आगे नहीं गया था। यानी 2010 में स्पेन के बाद पहली बार कोई नया चैम्पियन मिल सकता है।

## स्पेन ने अभी तक नहीं गंवाया एक भी गोल

इस बार विश्व कप में स्पेन एकमात्र टीम है जिसका डिफेंस अभेद रहा है और उसने एक भी गोल नहीं गंवाया। गोलकीपर उनाइ सिमोन ने विश्व कप में 600 मिनट से अधिक समय मैदान पर रहकर गोल नहीं गंवाने का रिकॉर्ड बनाया है। ग्रुप चरण में केप वर्दे ने स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोका था। स्पेन ने सउदी अरब को 4-0 और उरूग्वे को 1-0 से हराया। अंतिम 32 में आसट्रिया को 3- 0 से और अंतिम 16 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को स्पेन ने 1-0 से हराया। इससे पहले 1990 में इटली की टीम एक भी गोल गंवाये बिना सेमीफाइनल तक पहुंची थी।



## फ्रांस ने निर्धारित समय में ही जीते सारे मैच

खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस टीम ने टूर्नामेंट में अभी तक पांचों मैच निर्धारित 90 मिनट के भीतर ही जीते हैं। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना ने भी पांचों मैच जीते हैं लेकिन केप वर्दे के खिलाफ अंतिम 32 का उसका मुकाबला अतिरिक्त समय तक खिंचा था जिसमें उसने 3-2 से जीत दर्ज की। स्पेन और इंग्लैंड ने चार मैच जीते और एक ड्रॉ खेला। नॉर्वे ने चार मैच जीते लेकिन फ्रांस ने उसे हराया था। बेल्जियम, मोरक्को और स्विटजरलैंड ने तीन मैच जीते और दो ड्रॉ खेले।



## यूरोप के साथ अफ्रीका और अमेरिका की एक-एक टीम

क्वार्टर फाइनल में इस बार यूरोप की छह टीम हैं जबकि चार साल पहले कतर में पांच यूरोपीय टीम अंतिम आठ में थीं। इसके अलावा अफ्रीका की एक (मोरक्को) और दक्षिण अमेरिका (अर्जेंटीना ) की एक टीम है। मोरक्को कतर में 2022 विश्व कप में अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम थी । वह लगातार दो विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली भी अफ्रीका की पहली टीम बन गई है ।

# आज से शुरू होंगे क्वार्टर फाइनल के मुकाबले

*बोस्टन। फीफा विश्व कप 2026 अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। राउंड ऑफ-16 के सभी मुकाबले संपन्न हो चुके हैं और अब क्वार्टर फाइनल के लिए आखिरी 8 टीमें खिताब की दौड़ में बची हुई है। गत विजेता अर्जेंटीना और खिताब की प्रबल दावेदार फ्रांस की टीमें भी अपने-अपने मैचों के लिए तैयार हैं। इस बीच क्वार्टर फाइनल की सभी टीमें, शेड्यूल और अन्य अहम जानकारी पर एक नजर डालते हैं।*



### ऐसा है क्वार्टर फाइनल मैच का शेड्यूल

**पहला क्वार्टर फाइनल**
10 जुलाई को बोस्टन में फ्रांस और मोरक्को के बीच होगा (भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे)।

**दूसरा क्वार्टर फाइनल**
11 जुलाई को लॉस एंजिल्स में स्पेन और बेल्जियम का मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से होगा।

**तीसरा क्वार्टर फाइनल**
12 जुलाई को मियामी में इंग्लैंड का सामना नॉर्वे (भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे) से होगा।

**चौथे क्वार्टर फाइनल**
12 जुलाई को कैनसस सिटी में अर्जेंटीना का मुकाबला स्विट्जरलैंड से (भारतीय समयानुसार सुबह 6:30 बजे) होना है।

### 14 से खेले जाएंगे सेमीफाइनल मैच

फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल 14 और 15 जुलाई को अर्लिंग्टन और अटलांटा में होंगे। ये दोनों मैच भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ 19 जुलाई को मियामी में होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे से होगा।

### फाइनल 20 को

फीफा विश्व कप का फाइनल मुकाबला ईस्ट रदरफोर्ड के मेटलाइफ स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से होगा।

### ऐसे रहे राउंड ऑफ-16 के परिणाम

अर्जेंटीना ने 0-2 से पीछे होने के बाद शानदार वापसी करते हुए मिस्र को 3-2 से हराया। पांच बार के चैंपियन ब्राजील को नॉर्वे ने एक बड़े उलटफेर में बाहर कर दिया। फ्रांस ने पराग्वे को 1-0 से हराया था। इंग्लैंड ने मेक्सिको को 3-2 से हराया जबकि स्पेन ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को 1-0 से बाहर कर दिया। बेल्जियम ने सह-मेजबान यूएसए को 4-1 बाहर कर दिया, और स्विट्जरलैंड क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाली 8वीं और आखिरी टीम थी।

## मैक्सिको-इंग्लैंड मैच ने दर्शक संख्या में अमेरिका में बनाया रिकॉर्ड

**न्यूयॉर्क।** फॉक्स नेटवर्क के अनुसार विश्व कप के राउंड 16 में इंग्लैंड और मैक्सिको के बीच मुकाबला अमेरिकी टीम के बिना खेला गया ऐसा विश्व कप मैच बन गया है, जिसे अमेरिका में अंग्रेजी प्रसारण के माध्यम से सबसे अधिक दर्शकों ने देखा। नेटवर्क ने बुधवार को बताया कि रविवार रात मैक्सिको सिटी में औसतन 2.17 करोड़ (21.7 मिलियन) से अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। इसने 2022 में अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच खेले गए फाइनल का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया जिसे 1.67 करोड़ (16.7 मिलियन) दर्शकों ने देखा था। फॉक्स ने बताया कि रात सवा दस बजे से साढ़े दस बजे के बीच दर्शकों की संख्या 2.57 करोड़ (25.7 मिलियन) से अधिक पहुंच गई। इसके बावजूद अगले दिन खेला गया अमेरिका-बेल्जियम मुकाबला अब भी तीन करोड़ (30 मिलियन) दर्शकों के साथ सबसे अधिक देखा गया विश्व कप मैच बना हुआ है।



## विश्व कप फाइनल के हाफटाइम शो में मैडोना शकीरा, बीटीएस व जस्टिन बीबर होंगे शामिल

**न्यूयॉर्क।** जस्टिन बीबर, मैडोना, शकीरा और बीटीएस जैसे स्टार विश्व कप के हाफटाइम शो में प्रस्तुति देंगे। फीफा ने इसकी घोषणा की है। कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन द्वारा तैयार किया गया 11 मिनट का हाफटाइम कार्यक्रम 19 जुलाई को फाइनल मुकाबले के दौरान न्यूयार्क में आयोजित किया जाएगा। यह शो 'फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड' को समर्थन देगा, जो बच्चों को शिक्षा और फुटबॉल तक पहुंच दिलाने के लिए 10



करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटा रहा है। बीबर ने एक बयान में कहा, /"फीफा विश्व कप जिस तरह पूरी दुनिया को एक साथ जोड़ता है, वैसा कोई और आयोजन नहीं कर सकता। मैं इस हाफटाइम शो का हिस्सा बनकर आभारी हूं और यह जानकर और भी ज्यादा खुशी हो रही है कि इससे पहले से ही दुनिया भर के बच्चों को शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिल रही है।

## खबर संक्षेप



### मैक्सिको फुटबॉल टीम के कोच बने मारकेज

**मैक्सिको सिटी।** रफेल मारकेज को विश्व कप 2030 के लिये मैक्सिको फुटबॉल टीम का कोच बनाया गया है। मैक्सिको फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को इसकी घोषणा की कि बार्सीलोना के पूर्व स्टार जेवियर एगिरे की जगह मुख्य कोच बनेंगे। अगस्त 2024 से मारकेज टीम में एगिरे के सहायक थे। मैक्सिको की टीम इंग्लैंड से अंतिम 16 के दौर में हारकर विश्व कप से बाहर हो गई थी। एगिरे ने बतौर खिलाड़ी पांच विश्व कप खेले, 1999 कांफेडरेशन कप जीता और 2003 तथा 2011 में गोल्ड कप खिताब भी अपने नाम किये। मैक्सिको की टीम को अभी कोई मैच नहीं खेलना है लिहाजा मारकेज का पदार्पण सितंबर अक्टूबर में फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान होगा।

### होप संभालेंगे वेस्टइंडीज की कमान, 12 से वनडे सीरीज

**गयाना।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ खेली जाने वाली 5 मैचों की घरेलू वनडे सीरीज के शुरुआती 3 मैचों के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया। इसमें 19 साल के कलाई के स्पिनर विटेल लावेस को पहली बार टीम में मौका दिया गया है। लावेस ने अब तक घेरलू क्रिकेट में भी डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट झटके थे। सीडब्ल्यूआई ने इस सीरीज के अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनने का प्रयास किया है। इसकी कमान शाई होप को सौंपी गई है। शिमरोन हेटमायर को टीम में नहीं चुना गया, क्योंकि वो मेजर लीग क्रिकेट में सिएटल ओर्कास की ओर से खेलेंगे।



# वाइल्ड कार्डधारी ब्रिटिश खिलाड़ी फेरी विम्बलडन के सेमीफाइनल में



एजेंसी ▶▶| लंदन

विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर काबिज ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी आर्थर फेरी ने विम्बलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। 23 वर्ष के फेरी ने नौवीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली को 6-4, 7-6, 6-0 से हराया। इससे पहले पुरूष एकल वर्ग में वाइल्ड कार्ड के जरिये सेमीफाइनल तक पहुंचने का कमाल गोरान इवानीसेविच ने 2001 में किया था। यह मुकाबला देखने के लिये रॉयल बॉक्स में ब्रिटेन की महारानी कैमिला भी मौजूद थी। पहला सेट जीतने के बाद दर्शकों ने खड़े होकर फेरी का अभिवादन किया। उन्होंने टाइब्रेकर में दूसरा सेट जीता और तीसरे सेट में एकतरफा जीत दर्ज की। दूसरे कोर्ट पर अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-4, 6-2 से हराया और अब वह फेरी से सेमीफाइनल में खेलेंगे।

### मार्ता ने जैसमीन को हराया

*महिला वर्ग में मार्ता कोस्तियुक ने जैसमीन पाओलिनी को 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब वह लिंडा नोस्कोवा से खेलेंगी जिन्होंने एलिसे मर्टेंस को 6-3, 7-5 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में कोको गाफ का सामना कैरोलिना मुचोवा से होगा।*

## ईस्पोटर्स विश्व कप पेरिस में शुरू

**आयोजन 23 अगस्त तक**

**पेरिस।** दुनिया के सबसे बड़े ईस्पोटर्स गेमिंग टूर्नामेंट का पहला सत्र ईस्पोटर्स विश्व कप बृहस्पतिवार को पेरिस एक्स्पो पोर्टे डे वर्सेलेस में शुरू हो गया। 23 अगस्त तक चलने वाले टूर्नामेंट में 2000 से अधिक एलीट खिलाड़ी, 100 से अधिक देशों के 200 शीर्ष ईस्पोटर्स क्लब दुनिया के सबसे लोकप्रिय 24 खेलों के 25 टूर्नामेंटों में भाग लेंगे जिसकी ईनामी राशि रिकॉर्ड 716 करोड़ रूपये होगी।इस टूर्नामेंट में क्वालीफिकेशन का कार्यक्रम इतिहास में सबसे बड़ा है जिसमें 15 लाख से ज्यादा खिलाड़ी दुनिया के सबसे बड़े ईस्पोट्र्स मंच पर अपनी जगह बनाने के लिए 330 टूर्नामेंट, पब्लिशर लीग और बड़े अंतरराष्ट्रीय सर्किट में हिस्सा ले रहे हैं।

# सौरव गांगुली को कल मिलेगा आईसीसी का बड़ा सम्मान, हॉल ऑफ फेम में होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से बड़ा सम्मान मिलने जा रहा है। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, भारत के इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी को प्रतिष्ठित आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा।

गांगुली यह उपलब्धि हासिल करने वाले 12वें भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे। आईसीसी हर साल क्रिकेट इतिहास के महान खिलाड़ियों को इस सम्मानित सूची में शामिल करती है। 11 जुलाई को गांगुली को इस बड़ी उपलब्धि से नवाजा जाएगा।



### इन खिलाड़ियों को मिला चुका है यह सम्मान

गांगुली से पहले भारत के 11 अन्य खिलाड़ियों को भी इस सूची में शामिल किया जा चुका है। भारत की ओर से नीतू डेविड, वीरेंद्र सहवाग, डियान एडुल्जी, विनोद मांकड़, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले, कपिल देव, बिशन सिंह बेदी, महेंद्र सिंह धोनी और सुनील गावस्कर यह सम्मान हासिल कर चुके हैं। गावस्कर और बिशन सिंह भारत की ओर से आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। उन्हें यह सम्मान 2009 में मिला था। गांगुली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके बल्ले से 421 मुकाबलों की 485 पारियों में 18,433 रन निकले हैं।

## 142 साल में पहली बार लाड्र्स में होगा महिला टेस्ट क्रिकेट

- भारत व इंग्लैंड के बीच पहला महिला टेस्ट क्रिकेट आज से

एजेंसी ▶▶| लाड्र्स

इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम और भारतीय महिला क्रिकेट टीम के बीच आज 10 जुलाई शुक्रवार से शुरू होने वाला महिला टेस्ट मुकाबला ऐतिहासिक होगा। यह लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाने वाला पहला महिला टेस्ट मैच है। पुरुषों के पहले टेस्ट के 142 साल बाद इस मैदान पर महिला क्रिकेट को जगह मिलेगी। इंग्लैंड ने 1937 से अब तक



19 मैदानों पर 55 टेस्ट खेले हैं और लॉड्र्स उसका 20वां टेस्ट स्थल होगा। टीम ने आखिरी घरेलू टेस्ट 2023 में खेला था।

विंबलडन

# लिएंडर पेस के बाद अर्नव पापरकर ने रचा इतिहास



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा टेनिस सनसनी अर्नव पापरकर ने खेल जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा है। दरअसल, वह जूनियर विंबलडन के बॉयज सिंगल्स वर्ग में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब हुए। वह 36 साल बाद इस टूर्नामेंट के इतिहास में अंतिम-8 में पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना अमेरिका के जॉर्डन ली के खिलाफ होगा।

### अब तक शानदार प्रदर्शन

विंबलडन में अर्नव पापरकर ने पहले दौर में ब्रिटेन के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी को सीधे सेटों में 6-2. 6-2 से हराया। दूसरे दौर में अमेरिका के विश्व जूनियर नंबर-3 और ऑस्ट्रेलियन ओपन जूनियर फाइनलिस्ट कीटन हैंस को 6-2, 6-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इसके बाद भी उन्होंने अपनी जीत की लय बरकरार रखी और प्री-क्वार्टरफाइनल में जापान के यो तबाता को 6-2, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### लिएंडर पेस भी जूनियर वर्ग का खिताब जीता था

पापरकर से पहले जूनियर विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में लिएंडर पेस पहुंचे थे। बता दें कि पेस ने 1990 में इस खिताब पर कब्जा जमाया था। भारतीय टेनिस के इतिहास में रामनाथन कृष्णन 1954 विंबलडन जूनियर बॉयज सिंगल्स जीतने वाले पहले भारतीय और पहले एशियाई खिलाड़ी बने थे। उन्होंने फाइनल में एश्ले कूपर को हराया था। इसके बाद रमेश कृष्णन ने 1979 में फाइनल में डेविड सीगलर को 6-0, 6-2 से हराकर खिताब जीता था।

**इंग्लैंड ने 9 विकेट से जीता चौथा मैच, श्रेयस के 80 रन नहीं आए काम**

# लगातार पांचवां टी-20 हारा भारत, सीरीज गंवाई

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल

भारत लगातार अपना पांचवां टी-20 मैच हार गया है। इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को खेले गए मैच में उसे 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। वह लगातार तीन मैच हारकर श्रृंखला 3-0 से गंवा चुका है।इससे पहले आयरलैंड के खिलाफ भी दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। भारत 12 साल बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज हारा है। ब्रिस्टल में खेले गए चौथे टी-20 में इंग्लैंड ने 159 रन का टारगेट 9 विकेट रहते 13.5 ओवर में हासिल कर लिया और पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की बढ़त बना ली। इंग्लैंड ने आखिरी बार 2014 में भारत के खिलाफ द्विपक्षीय टी-20 सीरीज जीती थी। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 158 रन बनाए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 49 गेंदों पर नाबाद 80 रन की पारी खेली। वैभव सूर्यवंशी 10 गेंदों पर 15 रन बनाकर आउट हुए। तीन टी-20 इंटरनेशनल में उनके बल्ले से अब तक सिर्फ 42 रन निकले हैं। पहले मैच में उन्होंने 14 और दूसरे में 13 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने पहला विकेट 13 रन पर गंवा दिया। इसके बाद कप्तान हैरी ब्रूक और फिल सॉल्ट ने मिलकर नाबाद 68 बॉल पर 146 रन जोड़े और जीत दिला दी। ब्रूक ने 35 नाबाद 79 रन की पारी खेली। फिल सॉल्ट ने 42 बॉल में 59 रन बनाए। भारत की ओर से एकमात्र विकेट अर्शदीप सिंह ने लिया। इस हार के साथ भारत ने 2018-19 के बाद पहली बार लगातार दूसरी टी-20 सीरीज गंवा दी। टीम को हाल ही में आयरलैंड ने 2-0 से हराया था।



सॉल्ट ने 34 गेंदों में अर्धशतक लगाया

Dr. Juneja's
EYE Mantra
दीजिए अपनी आँखों को कुदरती आई मंत्रा
प्रयोग विधि : 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।


12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com



### भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय बैठक में कई करार

# रक्षा और सुरक्षा पर संयुक्त घोषणा पत्र जारी, कई क्षेत्रों में नई साझेदारी

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

पीएम मोदी ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया समुद्री सुरक्षा सहयोग रोडमैप इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में साझा प्रयासों को नई दिशा देगा। दोनों देश जहाज निर्माण, जहाजों की मरम्मत और उनके रखरखाव के क्षेत्र में भी मिलकर काम करेंगे

पीएम नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज के साथ व्यापक द्विपक्षीय वार्ता की। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को अपने द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती देते हुए नागरिक परमाणु ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स), साइबर सुरक्षा और सप्लाई चेन जैसे अहम क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया।

■ समन्वय को मजबूत बनाएंगे दोनों

दोनों नेताओं ने दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति देने का संकल्प दोहराया। बैठक के बाद दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा पर संयुक्त घोषणा जारी की।

इसके अलावा ऊर्जा सहयोग पर संयुक्त बयान तथा साइबर सुरक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी और सप्लाई चेन में सहयोग बढ़ाने के लिए साझा रोडमैप भी जारी किया गया। इन समझौतों का उद्देश्य भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए दोनों देशों के बीच समन्वय को मजबूत बनाना है।

**फूड प्रोसेसिंग और डिजिटल अर्थव्यवस्था में निवेश की अपील की**


पीएम नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज

### ऑस्ट्रेलियाई निवेशक भारत में 50 करोड़ डॉलर निवेश करेंगे



इंडिया-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम में पीएम मोदी

पीएम मोदी ने इंडिया-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख सीईओ, बिजनेस लीडर्स, ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख निवेशक और अग्रणी विश्वविद्यालयों के कुलपति शामिल हुए। सीईओ फोरम के साथ ही पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज ने इकोनॉमिक रोडमैप बिजनेस इवेंट को भी संयुक्त रूप से संबोधित किया। ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े पेंशन फंड ऑस्ट्रेलियनसुपर ने घोषणा की कि वे भारत के राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष में 50 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का निवेश करेंगे।

**आज न्यूजीलैंड पहुंचेंगे मोदी**

पीएम नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद 10 जुलाई को न्यूजीलैंड पहुंचेंगे। मोदी 40 वर्ष बाद न्यूजीलैंड के दौरे पर जाने वाले पहले पीएम हैं। इससे पहले 27 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली में भारत और न्यूजीलैंड ने इस मुक्त व्यापार समझौते पर आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर किए थे।

### जिस मसहद पुल से गुजरनी थी अंतिम यात्रा, उसे ही उड़ाया

# खामेनेई के जनाजे में अमेरिका का रोड़ा

**दफनाने में हुई देरी यूएस ने मिसाइलें दागी, 2 दिन में 170 ठिकानों पर किया हमला**

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा के बीच अमेरिका ने ताबड़तोड़ हमले किए। खानेमेई के पार्थिव शरीर को लेकर जा रही अंतिम यात्रा जिस मसहद के पुल से गुजरनी थी उसे अमेरिका ने ड्रोन हमले में उड़ा दिया। उधर, ईरान ने भी कतर, कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन हमले किए हैं। ईरानी सेना के मुताबिक, हमलों में कुवैत के पैट्रियट मिसाइल सिस्टम, कतर के अर्ली वॉर्निंग सैटेलाइट एंटीना और बहरीन में अमेरिकी सेना के फ्यूल टैंक को निशाना बनाया गया। इन हमलों के लिए बड़ी संख्या में ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। इससे पहले अमेरिका ने ईरान पर लगातार दूसरे दिन बड़े पैमाने पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने करीब 90 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया। इन हमलों से ईरान के अहवाज में 3 लोगों की मौत हुई है।

ईरानी सेना ने कहा कि वह अमेरिकी हमलों का जवाब देती रहेगी। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान समझौता चाहता है, लेकिन उसे इस बात पर भरोसा नहीं कि तेहरान समझौते का पालन करेगा।



**ईरान बोला- पुलों पर हमला युद्ध अपराध**

ईरान ने अमेरिका पर दो पुलों पर हमला करने का आरोप लगाते हुए इसे खुला युद्ध अपराध बताया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी सेना ने देश के पूर्वी हिस्से में मशहद जाने वाले रेलवे मार्ग पर बने दो पुलों को निशाना बनाया। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि पिछले 48 घंटों में अमेरिका ने अपराधी हमले किए हैं। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और पिछले महीने हुए सीजफायर समझौते का भी उल्लंघन किया है।


**परिवार की मौजूदगी में दफनाया जाएगा अयातुल्ला खामेनेई को**

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को गुरुवार को मशहद में केवल परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में दफनाया जाएगा। इस बीच नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई भी पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आ सकते हैं। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि मुजतबा खामेनेई अंतिम संस्कार में शामिल होंगे या नहीं। पिछले एक हफ्ते से चल रहे सभी कार्यक्रमों में वह नजर नहीं आए। अमेरिका और ईरान के बीच फिर बढ़े तनाव के बाद सुरक्षा चिंताएं भी बढ़ गई हैं। पिछले हफ्ते इजराइल ने कहा था कि नए सुप्रीम लीडर उसके निशाने पर हैं।

**होर्मुज में दखल दिया तो करारा जवाब देंगे : तेहरान**

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर होर्मुज स्ट्रेट में दखल दिया तो करारा जवाब दिया जाएगा। ईरान ने कहा कि अमेरिका ने हमला जारी रखा तो होर्मुज सामान्य नहीं हो पाएगा और कई देशों को आर्थिक नुकसान होगा। दूसरी ओर, ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने बताया कि अमेरिका ने उत्तरी ईरान में चीन और रूस से जुड़े एक रणनीतिक रेलवे पुल पर क्रूज मिसाइल से हमला किया। अमेरिका ने पिछले 2 दिनों में ईरान के 170 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, हमलों में एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन और मिसाइल भंडार, सैन्य स्पीड बोट और होर्मुज स्ट्रेट के पास तटीय इलाकों में मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।

## भारतीय इंजीनियर ने की पत्नी की हत्या



**नई दिल्ली।** अमेरिका में रह रहे एक 30 वर्षीय भारतीय इंजीनियर को यूएस पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंजीनियर पर नौ माह पहले अपनी पत्नी की हत्या का आरोप है। पुलिस ने बताया कि भारतीय इंजीनियर अविनाश नारने ने अपनी पत्नी रंजीता सब्बीनेनी की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी ने पत्नी के शव की फोटो भारत में रह रही अपनी प्रेमिका को भी भेजी थी। पुलिस जांच के बाद हत्या का मामला साफ हो जाने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### भारत-रूस आतंकवाद निरोधक बैठक

# आतंकी चुनौतियों से निपटने सहयोग के लिए बनी सहमति



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-रूस आतंकवाद निरोधक संयुक्त कार्य समूह की 14वीं बैठक आयोजित में सीमा पार आतंकवाद और आतंकियों द्वारा नई तकनीक के दुरुपयोग पर चर्चा हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और रूस के उप विदेश मंत्री दिमित्री ल्यूबिंस्की ने की। दोनों देशों के संबंधित मंत्रालयों और सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में भारत और रूस ने आतंकवाद के सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों, विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद की कड़ी निंदा की। दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति में सूचीबद्ध आतंकवादी संगठनों, उनके सहयोगी संगठनों और प्रॉक्सी समूहों के खिलाफ समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक के दौरान दोनों देशों ने आतंकवाद से निपटने के अपने अनुभव साझा किए और उग्रवाद, कट्टरपंथ, आतंकवाद के वित्तपोषण तथा नई और उभरती तकनीकों एवं डिजिटल वित्तीय प्रणालियों के आतंकी इस्तेमाल जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

### अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट में खुलासा

# आसियान में 8 करोड़ नौकरियों पर एआई तकनीक का असर




**1.17 करोड़ नौकरियों में बड़े बदलाव की संभावना सबसे अधिक**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशिया में करीब 8 करोड़ नौकरियां जेनरेटिव एआई के प्रभाव के दायरे में हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार आसियान क्षेत्र में करीब 8 करोड़ लोग ऐसे व्यवसायों में कार्यरत हैं जिनके कामकाज पर एआई का असर पड़ सकता है। हालांकि संगठन का आकलन है कि अभी यह तकनीक बड़े पैमाने पर नौकरियां खत्म करने के बजाय काम का तरीका बदल रही है। जेनरेटिव एआई एंड लेबर मार्केट्स इन आसियान नामक इस रिपोर्ट में 11 देशों के श्रम बाजार का विश्लेषण है। रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्र के कुल रोजगार के 22.9% हिस्से पर जेनरेटिव एआई का असर पड़ सकता है। यह संख्या 8 करोड़ लोगों के बराबर है। इनमें भी करीब 1.17 करोड़ नौकरियों में बड़े बदलाव की संभावना सबसे अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार अनुसार महिलाओं के उन व्यवसायों में कार्यरत होने की संभावना पुरुषों की तुलना में दोगुने से अधिक है जहां जेनरेटिव एआई का असर अपेक्षाकृत ज्यादा हो सकता है। वहीं, 15 से 24 वर्ष के कर्मियों के बीच एआई के संभावित प्रभाव में खास अंतर नहीं मिला। यानी महिलाओं के सामने चुनौती भी होगी।

**शोभराज के प्रशंसक ठग बिंगसन को पुलिस ने पकड़ा**

# होटल में सिर्फ चेक इन ही किया, चेक आउट कभी नहीं

सेंट्रल डेस्क ▶▶ रोहतक



■ आलीशान होटलों में ठहरता, बिना बिल चुकाए गायब हो जाता

करीब तीन दशकों तक बिंगसन जॉन कथित तौर पर पूरे भारत में एक सम्मानित मेहमान का रूप धारण कर घूमता रहा। वह आलीशान होटलों में ठहरता, बिना बिल चुकाए गायब हो जाता और हर बार पुलिस से एक कदम आगे रहने में सफल रहता था। जब आखिरकार 69 वर्षीय बिंगसन जॉन गिरफ्तार हुआ तो उसने पुलिस को बताया कि उसकी इस सुनियोजित ठगी की प्रेरणा कोई और नहीं, बल्कि कुख्यात सीरियल किलर और ठग चार्ल्स शोभराज था। पूछताछ के दौरान तमिलनाडु निवासी बिंगसन जॉन ने स्वीकार किया कि उसने अपनी जीवनशैली चार्ल्स शोभराज से प्रेरित होकर बनाई थी। इसमें फर्जी पहचान के सहारे देशभर के पांच सितारा होटलों में ठहरना, शाही मेहमाननवाजी का आनंद लेना और बिल चुकाए बिना फरार हो जाना शामिल था। जॉन ने 27 जून को रायपुर के एक पांच सितारा होटल से 63,755 रुपये का बिल चुकाए बिना चेक-आउट किया था। पुलिस का आरोप है कि वह होटल से 1.48 लाख रुपये कीमत का किराये पर लिया गया लैपटॉप भी साथ ले गया था। उसको भुवनेश्वर से इस घटना के 72 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक जॉन के कबूलनामे से तीन दशक से अधिक समय तक फैले धोखाधड़ी के एक लंबे सिलसिले का खुलासा हुआ। उसने कथित तौर पर दावा किया कि 1990 से अब तक 10 से अधिक राज्यों के लगभग 300 होटलों को अपना निशाना बनाया। इस दौरान वह कभी विदेशी टूर गाइड, कभी अंग्रेजी शिक्षक तो कभी योग प्रशिक्षक बनकर होटल कर्मचारियों का विश्वास जीतता था।

**कैसे पकड़ा गया?**

जॉन रायपुर के होटल में दो दिन तक रुका। इसके बाद उसने होटल कर्मचारियों से यह कहकर एक लैपटॉप मंगवाया कि उसे ऑफिस के जरूरी काम के लिए इसकी तत्काल आवश्यकता है। लैपटॉप मिलने के कुछ ही समय बाद वह बिना चेक-आउट की औपचारिकताएं पूरी किए होटल से निकल गया। होटल की शिकायत के बाद एंटी-क्राइम एंड साइबर यूनिट और तेलीबांधा थाना पुलिस ने चेक-इन के दौरान इस्तेमाल किए गए पहचान पत्रों और मोबाइल नंबरों की जांच की। तकनीकी निगरानी के आधार पर पुलिस भुवनेश्वर पहुंची, जहां से जॉन को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके पास से लैपटॉप भी बरामद कर लिया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**पीओके में जेएएसी का 48 घंटे का अल्टीमेटम**

# पाकिस्तान सरकार 38 मांगों पर दे ध्यान, वरना होगा बड़ा प्रदर्शन


पीओके में जेएएसी के प्रदर्शनकारी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) तनाव लगातार बढ़ रहा है। जम्मू-कश्मीर ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने पाकिस्तान सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

जेएएसी ने पाक सरकार को चेतावनी दी है कि अगर उसकी 38 मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो उन्हें भारी विरोध प्रदर्शन का सामना करना होगा।

अभी का मुद्दा 27 जुलाई को होने वाले क्षेत्रीय चुनाव हैं। 9 जून से नॉमिनेशन शुरू होने के साथ, जेएएसी ने मुजफ्फराबाद तक एक बड़े विरोध मार्च की घोषणा की है।

**विधानसभा सीटों को खत्म करने की मांग**

पीओके में जारी विरोध प्रदर्शनों के केंद्र में पाकिस्तान में बसे कश्मीरी रिफ्यूजियों के लिए रिजर्व 12 विधानसभा सीटों को खत्म करने की मांग रखी गई है। जेएएसी का तर्क है कि ये सीटें इस्लामाबाद को पीओके की राजनीति पर बहुत ज्यादा असर बनाए रखने की इजाजत देती हैं। पीओके सुप्रीम कोर्ट ने 7 जून को फैसला सुनाया कि 12 रिजर्व सीटें संवैधानिक रूप से सुरक्षित हैं और इन्हें एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जरिए खत्म नहीं किया जा सकता, इसके बजाय संवैधानिक बदलाव की जरूरत है। जेएएसी ने हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स पर पूरी तरह से फिर से बातचीत करने, बढ़ती महंगाई को कम करने की मांग रखी है।

### पाकिस्तानी की खुफिया एजेंसी आईएसआई की नई साजिश का खुलासा

**खालिस्तान आंदोलन को अपेक्षित समर्थन नहीं मिलने से बौखलाई आईएसआई**

# ब्रिटेन-कनाडा में भारतीयों पर हमले कर सकते हैं खालिस्तानी समर्थक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय खुफिया एजेंसियों ने ब्रिटेन और कनाडा में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है। खुफिया सूचनाओं के अनुसार, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी समर्थक भारत और पीएम नरेंद्र मोदी के समर्थक माने जाने वाले लोगों पर हमलों की साजिश रच रहे हैं। हाल के वर्षों में ब्रिटेन और कनाडा में भारतीय समुदाय के खिलाफ कथित तौर पर खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा घृणा अपराध और हिंसक घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई है। वहीं अब आशंका है कि इन्हें अधिक संगठित तरीके से अंजाम दिया जा सकता है। इन संभावित हमलों को रोकने के लिए भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पश्चिमी देशों की सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर काम कर रही हैं।




**आंदोलन के प्रति आज जनता में कम रुचि**

अधिकारियों के अनुसार, हाल के वर्षों में ब्रिटेन और कनाडा में खालिस्तान आंदोलन के प्रति समर्थन में उल्लेखनीय गिरावट आई है। पहले स्थानीय आबादी का एक वर्ग इस आंदोलन के प्रति सहानुभूति रखता था, लेकिन अब स्थिति तेजी से बदल रही है। ब्रिटेन और कनाडा में रहने वाले अधिकांश भारतीय मूल के लोग शांतिपूर्ण जीवन चाहते हैं।

**भारतीय एजेंसियों पर भी हमले की योजना**

इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी ने बताया कि खालिस्तान आंदोलन को समर्थन देने वाली आईएसआई ने यूरोप में सक्रिय अपने नेटवर्क को ब्रिटेन और कनाडा में भारतीय समुदाय के खिलाफ गतिविधियां तेज करने के निर्देश दिए हैं। आईएसआई भारतीय समुदाय के खिलाफ सिलसिलेवार और समन्वित हमलों की योजना बना रही है। आईएसआई की रणनीति में यह बदलाव खालिस्तान आंदोलन को गति नहीं मिलने से पैदा हुई निराशा का परिणाम है। निशाने पर खालिस्तान से जुड़े मामलों की जांच और कार्रवाई करने वाली भारतीय एजेंसियों को भी लक्ष्य बनाने की योजना बनाई जा रही है।

***गैंगस्टर नेटवर्क का इस्तेमाल***

*हिंसक वारदातों को अंजाम देने के लिए आईएसआई अपने गैंगस्टर नेटवर्क का इस्तेमाल कर सकती है। इसके लिए यूरोप और भारत में सक्रिय मॉड्यूल को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं। भारत में स्थानीय गैंगस्टरों के जरिए हमलों को अंजाम देने की योजना बनाई गई है। आंदोलन से जुड़े गैंगस्टर नेटवर्क अब अपने घोषित उद्देश्य के बजाए जबरन वसूली, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी में लगे हैं।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28